दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 01 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 43 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## टिप्पणी घटिया, दुर्भाग्यपूर्ण और गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली

## सोनिया गांधी के बयान पर राष्ट्रपति भवन का जवाब

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के बयान पर राष्ट्रपति भवन ने प्रतिक्रिया दी है। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस पार्टी के कुछ नेताओं की टिप्पणियों से उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंची है। ऐसी टिप्पणियां घटिया, दुर्भाग्यपूर्ण और पूरी तरह से टालने योग्य हैं।

बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति अपने अभिभाषण के अंत में काफी थक चुकी थीं। पुअर लेडी, मुझे उनके बारे में काफी बुरा लगा।

भाजपा नेताओं ने राष्ट्रपति पर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर कांग्रेस से माफी मांगने की मांग की। जवाब में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि उन्हें पहले देश को बर्बाद करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा ने कहा कि सोनिया गांधी के बयान से कांग्रेस की अभिजात्यवादी, गरीब विरोधी और आदिवासी विरोधी झलक दिखती है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने सोनिया गांधी के बयान को अनुचित बताया। उन्होंने कहा कि भारत एक गणतंत्र है और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इस लोकतंत्र की पहली नागरिक एक महिला है जो आदिवासी समुदाय से आती है।



### किरेन रिजिजू ने भी कांग्रेस को घेरा

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कांग्रेस से माफी मांगने को कहा। रिजिजू ने कहा कि मैं सोनिया गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं के बयान की निंदा करता हूं। हमारी राष्ट्रपति एक आदिवासी महिला, कमजोर नहीं हैं। द्रौपदी मुर्मू ने देश और समाज के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है और वे कल्पना भी नहीं कर सकते कि उन्होंने किस तरह का काम किया है। उन्हें उनसे माफी मांगनी चाहिए।

### बिना शर्त माफी मांगे कांग्रेस

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा कि, ऐसे शब्दों का जानबूझकर इस्तेमाल कांग्रेस पार्टी की अभिजात्य, गरीब विरोधी और आदिवासी विरोधी झलक दिखती है। मैं मांग करता हूं कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रपति और भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगे।

## कुलदीप चौहान बने जनरल वीके सिंह के अतिरिक्त निजी सचिव



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह के अतिरिक्त निजी सचिव के रूप में कुलदीप चौहान की नियुक्ति की गई है। कुलदीप चौहान लगभग दस सालों से पूर्व सांसद तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के प्रतिनिधि के रूप में काम करते रहे। उन्होंने अपने प्रैसनोट में इस बात का जिक्र करते हुए कहा है कि वह जनरल वीके सिंह के मार्गदर्शन में गाजियाबाद के संपूर्ण इलाके में विकास का बीड़ा उठाया और गाजियाबाद के विकास में अपना योगदान दिया। कुलदीप चौहान ने बताया है कि वर्ष 2025 के प्रारंभ में जनरल वीके सिंह ने मिजोरम राज्य के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। जिसके बाद उन्होंने कुलदीप चौहान को अपना अतिरिक्त निजी सचिव नियुक्त किया है। कुलदीप चौहान अब मिजोरम के गवर्नर जनरल वीके सिंह के एडीशनल प्राइवेट सैक्रेटरी नियुक्त किये गये हैं।



## पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र की गाजियाबाद कमिश्नरेट में नई पहल

## सड़कों पर नहीं लगेंगे बाजार, जाम-अतिक्रमण से मिलेगी मुक्ति



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद गाजियाबाद मेट्रोपॉलिटन सिटी में शामिल हो गया है। मेट्रोपॉलिटन सिटी की कानून व्यवस्था बेहतर रहे और यातायात से लेकर जाम और सड़कों पर तामझाम ना हो, इसको लेकर भी पुलिस कमिश्नर द्वारा बीते दिनों नदिया पार इलाके के इंदिरापुरम, लिंक रोड और कौशांबी थानाक्षेत्रों से सड़क पर लगने वाले बाजारों और साप्ताहिक बाजारों को बंद कराने का अभियान शुरू किया है। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस अभियान को जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के तीनों जोन में व्यवस्थित रूप से चलाया जाएगा। जिसका मकसद सड़क पर लगने वाले जाम से आमजन को होने वाली परेशानी और किसी भी मार्ग पर वाहनों की कतार ना लगे और आमजन को परेशानी ना हो।, इस समस्या को खत्म करने को लेकर किया जा रहा है। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगभग 40 से ज्यादा ऐसे स्थानों को तय कर लिया गया है, जहां पर सड़कों पर बाजार लगते हैं और लोगों को जाम की परेशानी से मुक्ति प्रदान कराई जाएगी।

### जनता को मिलेगी राहत और क्राइम कंट्रोल भी होगा आसान



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिसटम के सूत्रों से जानकारी मिली है की मुख्य मार्गों और सड़कों के बीचोंबीच लगने वाले बाजारों को बंद करने और उनका स्थान परिवर्तित करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। इसका सबसे बड़ा फायदा है कि लोगों को जाम से निजात मिलेगा, तो वही अतिक्रमण की संख्या भी कम होगी। साथ ही इन बाजारों में होने वाली चोरी, झपटमारी और अन्य अपराधों की संख्या में भी गिरावट लाने का प्रयास होगा। साथ ही जो बाजार शिफ्ट किए जाएंगे, वहां पुलिस भी अन्य विभागों की तरह नजर रखने का काम करेगी। बताया जा रहा है कि यह अभियान पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र द्वारा ही शुरू किया गया है, जिसे अब पुलिस और अन्य विभाग प्रभावी रूप से अन्य इलाकों में शुरू करेंगे।

### नदिया पार से शुरू हुआ है अभियान देहात व सिटी तक पहुंचेगा

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते दिनों कमिश्नर अजय मिश्र ने इंदिरापुरम और कौशांबी के साथ ही कुछ दिन पहले लिंक रोड थाने का निरीक्षण किया था। बताया जा रहा है कि यहां उनका सड़कों पर लगने वाले बाजारों को बंद करवाने के साथ ही इससे अतिक्रमण व जाम की परेशानी की जानकारी मिली थी। उसके निदान करने के लिए बीते दिनों इंदिरापुरम में नगर निगम और कई अन्य एजेंसियों ने मिलकर बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाने वाला अभियान चलाया है। बताया जा रहा है यह पुलिस कमिश्नर द्वारा तय किए गए अभियान का ही हिस्सा है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि जल्द ही इसे सिटी और देहात जोन में भी विधिवत रूप से चलाया जाएगा। जिसमें पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम को साथ लेकर कामयाब बनाने का काम किया जा रहा है।

### जाम को खत्म करने के लिए बंद कराए गए हैं पूर्व में अवैध कट और ई-रिक्शा



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र को गाजियाबाद में लगभग दो साल से अधिक का समय हो चुका है। बीते दो सालों के दौरान उन्होंने जाम खत्म करने के लिए कई बड़े फैसले भी लिए हैं। इसमें तमाम इलाकों में अवैध रूप से बने कट को बंद करवा कर वहां यू-टर्न बनवाए गए हैं। इसके लिए बकायदा नगर निगम, जीडीए और संबंधित विभागों को पत्र पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने ही लिखा था, तो वहीं इससे पहले पुलिस कमिश्नर पुराने बस अड्डे से लेकर हापुड़ मार्ग पर ई-रिक्शा को सुबह से लेकर रात 10 बजे तक के लिए प्रतिबंधित कर चुके हैं। यहां पर ई-रिक्शा का संचालन लगभग बीते छह महीने से बंद है और इससे जाम और सड़क हादसों में भी कमी आने की बात पुलिस के ही अधिकारी कह रहे हैं।


# बनने हैं दस नामित पार्षद और मैदान में आ गए हैं सौ से ज्यादा दावेदार

## नदिया पार से चल रहा है पूर्व मंडल अध्यक्ष से लेकर पूर्व पार्षदों का भी चर्चा में नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नामित पार्षदों वाली प्रक्रिया भाजपा में शुरू हो गई है। प्रक्रिया भले ही दिल्ली चुनाव के चलते, कुंभ के चलते स्लो हो रही है, लेकिन दावेदारी पूरे फ्लो में आ गई है। नामित पार्षद की हसरत वाले चेहरों ने भागदौड़ वाली कसरत शुरू कर दी है। नामित पार्षद बनने के लिये इस पार से लेकर उस पार तक दावेदार हैं। दावेदारी के क्रम में आज बात नदिया पार की हो रही है। ये देश की सबसे बड़ी विधानसभा है और नामित पार्षदों में यहां से भी संतुलन साधा जाएगा। यहां से भी नाम जाएंगे और यहां से भी नामित पार्षद बनकर आने हैं।

नदिया पार में जिन चेहरों के लिये ये कयास लगाया जा रहा है कि वो नामित पार्षद वाली लिस्ट में आ सकते हैं उनमें पूर्व पार्षदों से लेकर पूर्व मंडल अध्यक्ष शामिल हैं। हालांकि ये सभी चेहरे अपनी दावेदारी की तैयारी को गोपनीय रखकर चले रहे हैं, लेकिन राजनीति में जब दावेदारी की प्रक्रिया शुरू होती है तो यहां बायोडेटा भी व्हॉट्सएप के चक्र पर आ जाते हैं। नामों की पर्चियां पहुंचती हैं और बातें कहीं ना कहीं से बाहर आ जाती है। देश की सबसे बड़ी विधानसभा में मंडल अध्यक्षों के बाद अब नामित पार्षदों की बारी है।

यहां सबसे ज्यादा नाम ऐसे हैं जो नामित पार्षद के लिये लाइन में हैं। किसके कितने प्रयास होते हैं, किसको कितनी सफलता मिलती है ये बाद की बात है, लेकिन ये सभी चेहरे अपना एक प्रोफाइल रखते हैं



### हैवीवेट वाले होंगे सेट या कमांडर के नामों का होगा वंडर

**करंट क्राइम।** राजनीति में कई बार ना चाहते हुए भी खेमे हो जाते हैं। राजनीति में प्रतियोगिता भी होती है और पॉजिशन किसी की भी रहे लेकिन कंप्टीशन हो जाता है। नदिया पार में ये कंप्टीशन शुरू हुआ और लाइनपार तक पहुंचा है। अब जब सरकारी कृपा का बादल बरसेगा तो ये चर्चा शुरू हो गई है कि यहां किस तरफ वो ज्यादा बरसेगा। यहां हैवीवेट वाले नाम सेट होंगे या कमांडर के नामों का वंडर होगा। हैवीवेट पहले ही दस में से दस मंडल लेकर पावर ऑफ सियासी दंगल दिखा चुके हैं। अब सबकी नजरें नामित पार्षदों वाली लिस्ट पर है। बताया जाता है कि हैवीवेट खेमे के नामों में पवन रेड्डी, सुधीर त्यागी, विनोद शर्मा, कुलदीप कसाना और संजीव त्यागी है। वहीं जो नाम कमांडर खेमे के बताए जाते हैं उनमें श्याम शर्मा, दीपक राघव, मधुकर त्यागी, अनिल शर्मा, हरमती बख्शी के नाम हैं। कौन अपने नामों को लेकर नामित वाली रेस में दौड़ेगा, कौन अपने पसंद के नामों को पार्षद वाला गिफ्ट देगा, अब ये कहानी आगे बढ़ रही है और लगभग बीस दिन बाद इन नामों को लेकर भाजपा में मंथन शुरू हो जाएगा। इनमें से कुछ नाम रिजेक्ट भी हो सकते हैं और कुछ कोर वाले समर्थन के साथ सिलेक्ट होकर लखनऊ जाएंगे।

### अनिल शर्मा को मंडल के बाद मिलेगी क्या नामित जिम्मेदारी



**करंट क्राइम।** अनिल शर्मा के घर वसुंधरा में एक साल पहले ही ढोल बजा था। वो मंडल अध्यक्ष बनाए गए थे। समर्थकों ने खुशी में डांस किया, लेकिन चांस कुछ ऐसा रहा कि ये खुशी केवल एक साल टिकी और अनिल शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष हो गए। अब वो नामित पार्षद वाली लाइन में हैं। उनकी उम्मीदें कितनी पूरी होंगी ये देखने की बात है। भाजपा के एक्टिव कार्यकर्ता हैं। हर आयाम में उनकी भागीदारी रहती है और सक्रिय राजनीति करते हैं।

### पवन रेड्डी के नाम पर लगेगी किसके समर्थन की मुहर



**करंट क्राइम।** पवन रेड्डी भाजपा कार्यकर्ता हैं। वो पार्षद पति रहे हैं। उनकी पत्नी निगम पार्षद रही है। पवन रेड्डी भी भाजपा की सक्रिय राजनीति करते हैं। काफी दिनों से हाशिए पर हैं और इस बार नामित पार्षद वाले सीन में उनका नाम है। क्या उनके नाम पर कोर में समर्थन की मुहर लगेगी। क्या उन्हें भी आशीर्वाद मिलेगा।

### युवा कार्यकर्ता वाले फ्रेम में श्याम शर्मा के कितने चांस



**करंट क्राइम।** श्याम शर्मा भाजपा की युवा राजनीति का चेहरा है। सौम्य और शांत तरीके से राजनीति करते हैं। कितनी उम्मीदें उनके नॉमिनेट वाले सीन में है ये लिस्ट आउट होने के बाद पता चलेगा, लेकिन भाजपा वाले मानते हैं कि यूथ लॉबी के नये चेहरे के रूप में यह चेहरा भी दावेदारी में आ रहा है।

### पूर्व पार्षद विनोद शर्मा का नाम कितना कारगर



**करंट क्राइम।** विनोद शर्मा साहिबाबाद की भाजपा राजनीति का नाम हैं। क्षेत्र में एक्टिव रहते हैं। वो पार्षद रह चुके हैं और बताया जाता है कि नामित पार्षदों वाली लिस्ट में वो अपना नाम देखना चाहते हैं। खामोशी से दोवदारी कर रहे हैं। कितना कारगर नाम रहता है ये देखने की बात है।

### क्या साहिबाबाद से त्यागी चेहरे के रूप में होगा मधुकर का नाम



**करंट क्राइम।** नामित पार्षदों का फैसला लखनऊ में होना है। नाम गाजियाबाद में शॉर्टलिस्ट होने हैं और इस बार ये पहले ही आ गया है कि महिला ओबीसी और दलित कोटे का ध्यान रखा जाए। लेकिन यहां जातीय समीकरण का भी संतुलन साधा जाएगा। ऐसे में मधुकर त्यागी का नाम क्या त्यागी कोटे में आएगा। क्या कोर का कोई पावरफुल चेहरा उन्हें इस वाले पोल से सपोर्ट वाला करंट देगा।

### क्या ठाकुर सम्मान में दीपक राघव का नाम आएगा मैदान में



**करंट क्राइम।** दीपक राघव भी भाजपा की मंडल राजनीति का सक्रिय चेहरा रहे हैं। फिलहाल वो पूर्व मंडल अध्यक्ष हैं। नामित पार्षदों वाले फ्रेम में उनका भी नाम बताया जाता है। ठाकुर कोटे से ये नाम नदिया पार कोटे के साथ आ सकता है। इस कोटे को कोर कमेटी कितीन तवज्जो देती है ये देखने की बात है। फिलहाल ये नाम चर्चा में है।

### क्या पंजाबी कोटे में कंसीडर होगा हरमीत बख्शी का नाम



**करंट क्राइम।** नदिया पार की राजनीति में पंजाबी कोटा कितना असरदार होगा। पिछली पारी में पंजाबी कोटे से सुनीता नागपाल को नामित पार्षद बनाया गया था। इस तरह से महिला और पंजाबी दोनों समीरकण को भाजपा ने साधा था। इस बार हरमीत बख्शी का नाम नामित वाली लाइन में है। हरमीत बख्शी के नाम पर कोर कमेटी में समर्थन की कितनी बख्शीश मिलती है ये कोर कमेटी पर निर्भर है। फिलहाल पंजाबी कोटे से इस चेहरे की आवाज सुनाई दे रही है।

### वार्ड-50 वाले संजीव त्यागी को मिलेगा क्या नामित आशीर्वाद



**करंट क्राइम।** संजीव त्यागी साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के बॉर्डर एरिया में आते हैं। वो वार्ड-50 से पार्षद रहे हैं। शानदार कार्यकाल रहा है और बेदाग राजनीति करते हैं। क्षेत्र में छवि अच्छी है। वो यहां से पार्षद रहे हैं और कहा जाता है कि यदि वार्ड ओबीसी महिला आरक्षित नहीं होता तो यहां से संजीव त्यागी ही उम्मीदवार होते। फिलहाल वो पूर्व पार्षद हैं और निगम के सदन में नामित होकर जाना चाहते हैं। यहां बड़ा सवाल ये है कि क्या संजीव त्यागी को सांसद-विधायक आशीर्वाद मिलेगा। क्या कोर कमेटी में उनका नाम जाएगा। फिलहाल ये नाम चर्चा में है।

### क्या रहेगा नामित पार्षद वाले सीन में कुलदीप कसाना का तराना



**करंट क्राइम।** कुलदीप कसाना साहिबाबाद क्षेत्र के भाजपा नेता हैं। अपने क्षेत्र में एक्टिव रहते हैं। पार्टी के चुनाव प्रचार में भी रहते हैं और सक्रिय राजनीति करते हैं। वो भी मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं और अब ये बताया जाता है कि कुलदीप कसाना भी नामित पार्षद वाली दौड़ में हैं। कुलदीप कसाना का ये तराना कितना परवान चढ़ता है ये देखने की बात है। सक्रिय समर्पित कार्यकर्ता हैं।

### पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी को क्या मिलेगा मौका



**करंट क्राइम।** सुधीर त्यागी त्यागी भाजपा के मंडल अध्यक्ष रहे हैं। वो इसी वर्ष पूर्व हुए हैं और अब वो नामित पार्षद वाली पारी खेलना चाहते हैं। भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता हैं। लगातार एक्टिव रहते हैं। बताया जाता है कि वो ऐज लिमिट वाले पेंच में आकर मंडल वाली दौड़ से बाहर हुए। वो नामित पार्षद वाली दौड़ में हैं और उनकी दावेदारी बनती भी है।

### नामित वाली लिस्ट में मास्टर सुनील शर्मा के कितने योग



**करंट क्राइम।** नदिया पार की राजनीति में मास्टर सुनील शर्मा के नाम को सब जानते हैं। दिव्यांग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष हैं। सक्रिय राजनीति करते हैं और भाजपा के हर कार्यक्रम में उनकी हाजिरी रहती है। वो नामित पार्षद वाली दौड़ में हैं। यहां उनके नाम पर सहमति की कितनी मुहर लगती है और उनके नामित वाले कितने योग हैं ये कोर कमेटी की बैठक से अंदाजा हो जाएगा।

# 'उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंची', राष्ट्रपति भवन ने की कांग्रेस नेताओं के बयानों की निंदा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि, ऐसी टिप्पणियां घटिया, दुर्भाग्यपूर्ण और पूरी तरह से टालने योग्य हैं। राष्ट्रपति भवन से जारी बयान में कहा गया है, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस पार्टी के कुछ नेताओं की टिप्पणियों से उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंची है।



### सोनिया-राहुल ने की विवादित टिप्पणी

बता दें कि, संसद के बजट सत्र की शुरूआत में आज दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संबोधित किया है। जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने संसद के बाहर राष्ट्रपति को पूअर थिंग कहा, वहीं कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताया था। वहीं कांग्रेस नेताओं के इस टिप्पणियों की राष्ट्रपति भवन ने कड़ी निंदा की है। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद कहा कि वह अपने संबोधन के आखिर तक थक गई थीं और बहुत मुश्किल से बोल पा रही थीं। उन्होंने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'अंत तक राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं...वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी।'

### राष्ट्रपति और आदिवासी समुदाय से माफी मांगे कांग्रेस- भाजपा

वहीं भाजपा ने भी इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और कांग्रेस नेताओं से माफी की मांग की है। भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि मैं और हर भाजपा कार्यकर्ता सोनिया गांधी की तरफ से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए प्रयोग किए गए शब्दों की कड़ी निंदा करते हैं। जानबूझकर ऐसे शब्दों का प्रयोग कांग्रेस पार्टी की अभिजात्य, गरीब विरोधी और आदिवासी विरोधी प्रकृति को दर्शाता है। मैं मांग करता हूं कि कांग्रेस राष्ट्रपति और भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगे।

# देश ने देखा कांग्रेस के शाही परिवार का अहंकार, यह आदिवासी भाई-बहनों का अपमान

## राष्ट्रपति पर दिए सोनिया गांधी के बयान पर बोले मोदी

**भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोनिया गांधी की ओर से राष्ट्रपति मुर्मू के लिए की गई एक टिप्पणी को लेकर उनकी कड़ी निंदा की और मांग की कि वह राष्ट्रपति तथा भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगें।**





**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने शुक्रवार को संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन पर अपनी प्रतिक्रिया देकर विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, अंत तक राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं...वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी। अब सोनिया के इसी बयान को लेकर भाजपा उनपर हमलावर हो गई है। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोनिया गांधी की ओर से राष्ट्रपति मुर्मू के लिए की गई एक टिप्पणी को लेकर उनकी कड़ी निंदा की और मांग की कि वह राष्ट्रपति तथा भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगें।

अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बिना नाम लिए सोनिया गांधी पर निशाना साधा है। दिल्ली में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और आपदा दोनों अहंकार की पराकाष्ठा के प्रतीक हैं। ये आप-दा वाले खुद को दिल्ली का मालिक बताते हैं। तो वहीं कांग्रेस वाले खुद को देश का मालिक समझते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का अहंकार आज देश ने फिर देखा है। आज हमारी सम्मानीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने संसद को संबोधित किया। उन्होंने देशवासियों की उपलब्धियों के बारे में बताया, विकसित भारत के विजन के बारे में बताया।

मोदी ने कहा कि हिंदी उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। शाही परिवार के एक सदस्य ने कहा कि आदिवासी बेटी ने बोरिंग भाषण दिया। दूसरी सदस्य तो इससे भी एक कदम आगे बढ़ गई। उन्होंने राष्ट्रपति जी को poor thing कहा, गरीब कहा, चीज कहा, थकी हुई कहा। ये देश के आदिवासी भाई-बहनों का अपमान है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद सोनिया गांधी द्वारा की गई एक टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमले पर पलटवार करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनकी मां राष्ट्रपति का बहुत सम्मान करती हैं तथा उनकी बातों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि मेरी मां 78 साल की एक बुजुर्ग महिला हैं। उन्होंने सिर्फ यह कहा कि राष्ट्रपति इतना लंबा भाषण पढ़कर थक गई होंगी। वह महिलाओं का बहुत सम्मान करती हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मीडिया ने इसे तोड़-मरोड़कर पेश किया।

# जम्मू-कश्मीर में बार काउंसिल की मांग वाली याचिका पर मांगा जवाब

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और बीसीआई को नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र, बार काउंसिल ऑफ इंडिया और अन्य से जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में बार काउंसिल की मांग वाली जनहित याचिका पर जवाब मांगा। मामले में जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कश्मीर एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता जाविद शेख की दलीलों पर गौर किया और केंद्र, बीसीआई और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को नोटिस जारी किए।



राज्य बार काउंसिल एक वैधानिक निकाय है जो कानून स्नातकों को वकील के रूप में नामांकित करने और राज्य में कानून के अभ्यास को नियंत्रित करता है। वरिष्ठ वकील आदिल मुनीर अंद्राबी की सहायता से जम्मू-कश्मीर में बार काउंसिल की आवश्यकता पर जोर दिया और याचिकाओं पर इस्तेमाल किए जाने वाले सरकारी कल्याण टिकटों की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए अंतरिम राहत मांगी, जो आमतौर पर बार काउंसिल के अनुरोध पर प्रकाशित होते हैं। उन्होंने कहा कि बार काउंसिल की अनुपस्थिति में, उच्च न्यायालय प्रासंगिक कार्य कर रहा था। पीठ ने कहा कि वह वर्तमान चरण में अंतरिम आदेश पारित नहीं कर सकती और कहा, 'अब तक जो भी व्यवस्था है, वह जारी रहेगी। क्या उच्च न्यायालय कोई पक्ष है? नोटिस जाने दें, और उन्हें आने दें।' शीर्ष अदालत ने सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की।

### जिला न्यायपालिका में मुद्दों पर चर्चा के लिए सुप्रीम कोर्ट में कार्यक्रम

सुप्रीम कोर्ट जिला न्यायपालिका के सामने आने वाले मुद्दों पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सम्मेलन में चार तकनीकी सत्र शामिल हैं, जिनमें से पहले सत्र की अध्यक्षता भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना करेंगे, ताकि समय पर और कुशल मामले निपटाने के लिए न्यायिक सुधार लाने के लिए 'प्रत्येक उच्च न्यायालय के अनुभव और ज्ञान को एक साथ लाया जा सके'।

पहले सत्र में राष्ट्रीय न्यायालय प्रबंधन प्रणाली समिति की तरफ से तैयार 2024 के लिए नीति और कार्य योजना के कार्यान्वयन पर चर्चा भी शामिल होगी, जो मामले निपटान में बाधाओं की पहचान करती है और मामलों के लंबित मामलों को कम करने के लिए रणनीति प्रदान करती है। आधिकारिक विज्ञाप्ति में कहा गया है कि पारिवारिक न्यायालयों और विशेष न्यायालयों के कामकाज से संबंधित मुद्दों को संबोधित करना, शाम की अदालतों की व्यवहार्यता की खोज करना और वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों के माध्यम से मामलों के निपटान में तेजी लाना भी चर्चा का विषय होगा। दूसरे सत्र की अध्यक्षता न्यायमूर्ति बी आर गवई करेंगे और इसमें मामलों के वर्गीकरण और न्याय प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है, '(दूसरे) सत्र में प्रत्येक मामले की श्रेणी के लिए एक समान नामकरण और कोड पर चर्चा करने का प्रस्ताव है, जिसमें डिजिटल न्यायालय, सॉफ्टवेयर, ई-फाइलिंग, वर्चुअल न्यायालय, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, प्रतिलेखन सुविधा आदि जैसी सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ-साथ ई-सेवा केंद्रों/ई-कियोस्क का प्रभावी उपयोग शामिल है।'

इसमें कहा गया है कि मामले के रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण और ई-मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण की शुरूआत पर भी चर्चा की जाएगी। जिला न्यायपालिका में मानव संसाधन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तीसरे सत्र की अध्यक्षता न्यायमूर्ति सूर्यकांत करेंगे।

# महाकुंभ में भगदड़ के बाद एक्शन में सीएम योगी अयोध्या में आसमान से किया औचक निरीक्षण



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी और सरयू घाट का हवाई सर्वेक्षण किया। महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाने के बाद और उससे पहले बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र शहर पहुंच रहे हैं। सर्वेक्षण की पहल भीड़ प्रबंधन की समीक्षा करने और तीर्थयात्रियों की बेहतर आवाजाही की सुविधा के लिए की गई थी। यह कुंभ मेले में दुखद भगदड़ के एक दिन बाद आया है जिसमें कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी।

सीएम आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार को दुखद प्रकरण की जमीनी और गहन समीक्षा के लिए महाकुंभ में जाने का निर्देश दिया था। यूपी सीएम ने कहा था, "प्रयागराज के महाकुंभ-2025 में हुई घटना बेहद दुखद और हृदय विदारक है। मृतकों के प्रति मेरी विनम्र श्रद्धांजलि और मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।" बुधवार को महाकुंभ के संगम क्षेत्र में भोर से पहले मची भगदड़ में मारे गए लोगों के अलावा, 60 घायल हो गए और कई लोग लापता हो गए, क्योंकि लाखों तीर्थयात्री मौनी के सबसे शुभ दिनों में से एक के अवसर पर पवित्र स्नान करने के लिए जगह की तलाश में थे।

सीएम योगी ने कहा, मैं सभी पूज्य संतों, श्रद्धालुओं, प्रदेश और देश के नागरिकों से अपील करता हूं कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और धैर्य से काम लें। प्रशासन आप सभी की सेवा के लिए पूरी तत्परता से काम कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महाकुंभ भगदड़ की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग शुक्रवार को प्रयागराज पहुंचा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में पूर्व पुलिस महानिदेशक वी.के. गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डी.के. सिंह शामिल हैं।

# संसद में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने अंग्रेजी में पढ़ा राष्ट्रपति का अभिभाषण, विपक्ष ने जमकर की नारेबाजी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने शुक्रवार को संसद की संयुक्त बैठक में अपना अभिभाषण दिया। इसमें उन्होंने कुंभ में बीते दिनों मचे भगदड़ पर दुख जताया। इसी सिलसिले में जब राज्यसभा में उपराष्ट्रपि जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को अंग्रेजी में पढ़ा तब विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी और 'शर्म करों शर्म करों' के नारे भी लगाए। साथ ही इससे पहले, जब राष्ट्रपति ने अपने भाषण में पूर्वोत्तर राज्यों के बारे में बात की, तो कुछ विपक्षी सांसदों ने 'मणिपुर, मणिपुर' के नारे भी लगाए।



### राष्ट्रपति का अभिभाषण

बता दें कि संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपना अभिभाषण दिया। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ में हुई भगदड़ का जिक्र करते हुए कहा कि यह घटना बहुत दुखद है और उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस घटना में लोगों की मौत पर दुख प्रकट किया।

### महाकुंभ भगदड़ पर एक नजर

गौरतलब है कि बीते मौनी अमावस्या के दिन, महाकुंभ के दौरान पवित्र स्नान के लिए भारी संख्या में लोग संगम पर पहुंचे थे। इसी दौरान भगदड़ हुई, जिसमें कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए।

### पहले व्यवधान दौर पर की बात

वहीं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को बजट सत्र की शुरूआत होने से पहले कहा कि संसद में व्यवधान का दौर खत्म करके सार्थक चर्चा की राह बनाई जानी चाहिए। राष्ट्रीय महिला आयोग के 33वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश को ऐसे विपक्ष की जरूरत है, सहयोगी और सार्थक हो। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 'संसद में ज्यादा चर्चा और बहस होनी चाहिए न कि उसे बाधित किया जाए।

# क्या व्यापार करने के लिए किया गया महाकुंभ का आयोजन? योगी सरकार से अखिलेश का सवाल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रयागराज में महाकुंभ में व्यवस्था को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने कहा कि राष्ट्रपति के भाषण से ज्यादा अहम है कुंभ में लापता हुए लोगों का मुद्दा। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह एक नंबर जारी करे जिस पर लोग कॉल करके अपने प्रियजनों के बारे में जानकारी ले सकें। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अभी भी वहां सड़कों पर फंसे हुए हैं। कुम्भ में आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी भारत सरकार की जिम्मेदारी है।



अखिलेश ने आगे कहा कि अगर महाकुंभ पर कितना पैसा खर्च हुआ है और सरकार कितना खर्च करेगी, इसकी जानकारी भी भाषण में शामिल थी। यूपी सरकार कह रही है कि महाकुंभ से 2 लाख करोड़ रुपये का राजस्व आएगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या व्यापार करने के लिए महाकुंभ का आयोजन किया गया है? महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान के बाद अपने घरों को लौट रहे श्रद्धालुओं को विभिन्न जगहों पर बैरिकेड लगाए जाने और जाम की वजह से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाकुंभ में भगदड़ के कारण कम से कम 30 श्रद्धालुओं की मौत पर शुक्रवार को दुख जताया और घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक चेतना का पर्व है। मुर्मू ने कहा, इस समय महाकुंभ का ऐतिहासिक पर्व चल रहा है। यह भारत की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक चेतना का पर्व है। करोड़ों लोग स्नान कर चुके हैं।

उन्होंने कहा, मौनी अमवस्या के दिन हुए हादसे पर दुख व्यक्त करती हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को मौनी अमावस्या के स्नान के लिए लाखों लोगों के उमड़ने के बीच मची भगदड़ की घटना में 30 लोगों की मौत हो गई थी तथा 60 अन्य घायल हो गए थे। राष्ट्रपति मुर्मू ने अभिभाषण में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन का भी उल्लेख किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। मनमोहन सिंह का बीते साल 26 दिसंबर को निधन हो गया था।

# दिल्ली चुनाव से पहले आप को बड़ा झटका, सात विधायकों ने छोड़ा केजरीवाल का साथ

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव से कुछ दिन पहले आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा झटका लगा है। महरौली से नरेश यादव समेत सात विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। आप नेता और महरौली विधायक नरेश यादव ने पार्टी छोड़ दी। 2025 के चुनाव में उन्हें टिकट नहीं दिया गया। जिन सात विधायकों ने इस्तीफा दिया है उनमें पालम से भावना गौड़, महरौली से नरेश यादव, जनकपुरी से राजेश ऋषि, कस्तूरबा नगर से मदन लाल, त्रिलोकपुरी से रोहित महरौलिया, बी.एस. बिजवासन से जून और आदर्श नगर से पवन शर्मा शामिल हैं।

दिल्ली चुनाव से कुछ दिन पहले आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा झटका लगा है। महरौली से नरेश यादव समेत सात विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। आप नेता और महरौली विधायक नरेश यादव ने पार्टी छोड़ दी। 2025 के चुनाव में उन्हें टिकट नहीं दिया गया। जिन सात



विधायकों ने इस्तीफा दिया है उनमें पालम से भावना गौड़, महरौली से नरेश यादव, जनकपुरी से राजेश ऋषि, कस्तूरबा नगर से मदन लाल, त्रिलोकपुरी से रोहित महरौलिया, बी.एस. बिजवासन से जून और आदर्श नगर से पवन शर्मा शामिल हैं।

शुक्रवार को घोषित इस्तीफे में नरेश यादव ने आप के नेताओं के बीच बढ़ते आंतरिक असंतोष की अटकलों को हवा दे दी है, लेकिन छह अन्य विधायकों के पलायन के बाद उनके पद छोड़ने की परिस्थितियां 2025 में एक कठिन चुनावी लड़ाई से पहले अरविंद केजरीवाल के लिए कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण समय साबित होंगी।

# ठाणे: रेलवे स्टेशन पर करंट लगने से दो कर्मचारी झुलसे

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रेलवे स्टेशन पर एक परियोजना पर काम करते समय दो मजदूर करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अनुसार, यह दुर्घटना 28 जनवरी को दिवा रेलवे स्टेशन पर केबल बिछाने के काम के दौरान लापरवाही के कारण हुई। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्चना दुसाने ने बताया कि दुर्घटना में तकनीशियन आनंद संजय गोंडाडकी (26) और हेल्पर विश्वजीत ओमप्रकाश मिश्रा (27) गंभीर रूप से झुलस गए।

उन्होंने बताया कि गोंडाडकी और मिश्रा क्रमशः 80 प्रतिशत व 40 प्रतिशत झुलस गए तथा उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों उचित निगरानी के बिना बिजली के तारों का कार्य कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा




निगरानी के लिए आवश्यक पर्यवेक्षक और रेलवे विभाग के अधिकारी घटना के समय अनुपस्थित थे। अधिकारी ने बताया कि एक केबल ओवरहेड वायर के संपर्क में आ गई, जिसके परिणामस्वरूप बिजली का तेज झटका लगा और दोनों झुलस गए। उन्होंने बताया कि जीआरपी ने घायल श्रमिकों, उनके पर्यवेक्षक और काम के लिए जिम्मेदार ठेका कंपनी के अन्य संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 125 (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कृत्य) और 289 (मशीनरी के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण) के तहत मामला दर्ज किया है।

# परीक्षा नकल करके पास की है... संदीप दीक्षित ने केजरीवाल की शिक्षा पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि एक इंजीनियर होते हुए वह ऐसी बेतुकी बातें कह रहे हैं जो 5वीं या 6वीं कक्षा का छात्र नहीं कह सकता। जैसे ही दिल्ली में 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव की लड़ाई तेज हुई, कांग्रेस नेता ने अरविंद केजरीवाल पर झूठ बोलने का आरोप लगाया।




संदीप दीक्षित ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने इतना काम किया है; मैंने तो बस इतना कहा है कि जो भी कहो रिकॉर्ड के साथ कहो। आज साफ हो जाएगा कि कांग्रेस या आप सच बोल रही है। भाजपा और आप दोनों वोट पाने के लिए नकदी बांट रहे हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वे राजनीति में हैं या बाजार में? आप प्रमुख पर अपना हमला जारी रखते हुए दीक्षित ने कहा कि कभी-कभी मुझे समझ नहीं आता कि उन्होंने (अरविंद केजरीवाल) आईआईटी में क्या पढ़ा। एक इंजीनियर होकर वह ऐसी बेतुकी बातें कह रहे हैं जो 5वीं या 6वीं क्लास का कोई छात्र नहीं कहेगा। उसने क्या किया था?

कांग्रेस नेता ने कहा कि मुझे लगता है कि उसने अपनी परीक्षा नकल करके पास की है। मैं उसे सुझाव दूंगा कि वह अपनी इंजीनियरिंग की किताबें पढ़ ले - उसे पता चल जाएगा कि वह कितना झूठ बोलता है। इसके साथ ही जंतर-मंतर पर संदीप दीक्षित ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को खुले मंच पर कांग्रेस के सवालों का जवाब देने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि चलिए इंतजार करते हैं, अभी समय है, हमने उन्हें (अरविंद केजरीवाल) करीब 2 बजे बुलाया था। ट्रैफिक जाम की वजह से हमें भी थोड़ा समय लगा, इंतजार करते हैं। देखते हैं वह आता है या नहीं। अगर वह नहीं आता है तो हम उसे सवाल भेजेंगे। देखते हैं वह क्या करता है।

# वायनाड में पशु चिकित्सा महाविद्यालय को बम से उड़ाने की धमकी; जांच में कुछ भी नहीं मिला

**वायनाड।** केरल के वायनाड में शुक्रवार सुबह पूकोडे स्थित एक पशु चिकित्सा महाविद्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद परिसर की सघन जांच की गई। बम और डॉग स्क्वॉड ने संस्थान की गहन तलाशी ली, पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बाद में पुलिस ने इसे झूठी खबर करार दिया।



### निवेदिता पृथ्वीराज नाम के एक अकाउंट से एक ईमेल आया

केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति के एस अनिल के अनुसार, उनके और रजिस्ट्रार के आधिकारिक आईडी पर निवेदिता पृथ्वीराज नाम के एक अकाउंट से एक ईमेल आया, जिसमें दावा किया गया कि पशु चिकित्सा महाविद्यालय और चेन्नई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में आईईडी रखे गए हैं।

बम रखने का कारण अफजल गुरु की अनुचित फांसी बताया गया

उन्होंने कहा, 'बम रखने का कारण अफजल गुरु की अनुचित फांसी बताया गया। इसमें कहा गया कि बम टी मारन नामक एक नक्सली नेता ने रखे थे। हमने तुरंत पुलिस को सूचित किया और उन्होंने संस्थान की तलाशी के लिए बम और डॉग स्क्वॉड को मोर्चा सौंप दिया।'

### तलाशी में कुछ भी नहीं मिला

जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि तलाशी में कुछ भी नहीं मिला और ईमेल लोगों में दहशत पैदा करने के लिए भेजा गया है। चिंता की कोई बात नहीं है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और ईमेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...






# इंदिरापुरम में नगर निगम आयोजित करेगा तीन दिवसीय मेगा फ्लॉवर शो

## वेस्ट से बनी आकृतियां होगी आकर्षण का केंद्र, स्वर्ण जयंती पार्क इंदिरापुरम रहेगा आयोजन वैन्यू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** बसंत ऋतु की शुरूआत होने वाली है और बसंत ऋतु के दौरान रंग-बिरंगे फूलों की भीनी-भीनी महक और हरियाली से लेकर सुंदरता का अलग नजर इस बार इंदिरापुरम के स्वर्ण जयंती पार्क में फ्लॉवर शो के दौरान देखने को मिलेगा। फ्लॉवर शो का आयोजन इस बार नगर निगम द्वारा कराया जाएगा। इसकी थीम पर्यावरण संरक्षण और वेस्ट मटेरियल से बेस्ट मटेरियल बनाने पर बेस रहेगी। कार्यक्रम को सफल और सुंदर बनाने के लिए फ्लॉवर शो में लैंडक्राफ्ट और हॉर्टिकल्चर फ्लोरीकल्चर सोसाइटी का सहयोग लिया जाएगा। नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया है कि फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा। जिसके लिए नगर निगम अभी से तैयारियों में जुट गया है। फ्लॉवर शो को सफलता के साथ संपन्न कराने के लिए हॉर्टिकल्चर फ्लोरीकल्चर सोसाइटी की अध्यक्ष डा. रमा त्यागी द्वारा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मुलाकात की गई।

### फ्लॉवर शो में लैंडक्राफ्ट और हॉर्टिकल्चर फ्लोरीकल्चर सोसाइटी की देखरेख










**नगर निगम** द्वारा आयोजित फ्लॉवर शो को बेहद भव्य और आकर्षक रूप में आयोजित करने का प्रयास रहेगा। इसके लिए ललित जायसवाल, रमा त्यागी और नगर निगम के उद्यान विभाग के साथ ही पेड़-पौधों को लेकर रूचि एवं उस पर काम करने वाले लोगों को भी निगम फ्लॉवर शो से जोड़ेगा। फ्लॉवर शो का मकसद सुदंरता, हरियाली बढ़ाने के साथ ही गाजियाबाद ही नहीं आस-पास के लोगों को सैंकड़ों किस्म के सुंदर फूलों का लाईव शो और कई आकर्षक प्रजाति के पौधों को दिखाने का प्रयास रहेगा।

**विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त**

### ललित जायसवाल करेंगे फ्लॉवर शो को मेगा शो बनाने का काम





**करंट क्राइम :** बीते कई सालों से ललित जायसवाल और उनकी संस्था लैंड क्राफ्ट सोसाइटी में तीन दिवसीय फ्लॉवर शो का आयोजन करती रही है। फ्लॉवर शो के दौरान सैकड़ों किस्म के फूल, बोनसाई पौधों से लेकर घर और गमले में उगने वाली सब्जियां व ऑर्गेनिक पौधों को किस प्रकार से संवारा और सजाया जाता है, इसकी तकनीक सिखाई जाती है। साथ ही कार्यक्रम के दौरान खानपान से लेकर पश्चिम उत्तर प्रदेश और गाजियाबाद की कई पसंदीदा स्टॉल लगती हैं, जो लोगों को आकर्षित करती हैं। इसके साथ ही खरीदारी से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले-खेलकूद और अन्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती थीं, ऐसा ही नजारा अब नगर निगम के ओर से आयोजित होने वाले इंदिरापुरम के फ्लॉवर शो के दौरान भी देखने को मिलेगा। इसके लिए नगर निगम के इस शो को सुपर शो बनाने के लिए ललित जायसवाल भी पूरी तरीके से सहयोग करेंगे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक और उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज द्वारा उनसे इस संबंध में विस्तार पूर्वक बातचीत कर ली गई है।

### पर्यावरण बचाने और सुधारने का संदेश देगा निगम का फ्लॉवर शो



**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का कहना है कि नगर निगम इस बार फ्लॉवर शो का आयोजन इंदिरापुरम स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में आयोजित करेगा। फ्लॉवर शो में पर्यावरण जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिसमें बड़े-बड़े शहरों के व्यापारी और पर्यावरण को बचाने वाले लोग इसमें स्टॉल लगाएंगे और लोगों को जागरूक करेंगे। साथ ही हॉर्टिकल्चर फ्लोरीकल्चर सोसायटी की अध्यक्ष रमा त्यागी द्वारा शहर में बेहतर कार्य करने के साथ ही कई तरीके की पर्यावरण और हरियाली फैलाने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में वर्कशॉप भी लगाई जाएगी ताकि अपने घरों में लोग कैसे हरियाली बढ़ा सकते हैं। कैसे फ्लैट की बालकनी और छत को किचन गार्डन के रूप में तब्दील किया जा सकता है। साथ ही छोटे-छोटे गमलों में भी फल, सब्जी, फूल और सुगंधित पुष्प लगाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया है कि तीन दिनों तक चलने वाले फ्लॉवर शॉप के दौरान तमाम तरीके के फूल लोगों को करीब से देखने को भी मिलेंगे।

### मनोरंजन से लेकर खानपान का भी रखा जाएगा ध्यान

करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम को टेकओवर करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके लिए बड़ी मात्रा में धनराशि भी दे दी गई है। अब नगर निगम और नगर निगम के अधिकारियों का प्रयास है कि नगर निगम यहां बड़े आयोजन और इसको विशेष फोकस में रखें ताकि इससे निगम को लाभ हो और उसकी एक पहचान बने। सूत्र बता रहे हैं कि इंदिरापुरम में लंबे समय बाद आयोजित हो रहे सरकारी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए न सिर्फ नगर निगम आने वाले दिनों में इसमें अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठाकर इसको सफल बनाने का प्रयास शुरू होगा। फिलहाल फ्लॉवर शो फरवरी के अंतिम तीन दिवसों में आयोजित करने की जानकारी मिल रही है।

### लंबे समय बाद होगा स्वर्ण जयंती पार्क इंदिरापुरम में होगा सरकारी आयोजन

**करंट क्राइम :** जीडीए द्वारा स्वर्ण जयंती पार्क बनाया गया था। स्वर्ण जयंती पार्क में एक समय में गाजियाबाद महोत्सव की शुरूआत हुई थी। कई दिनों तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और बड़े आयोजन होते थे। इसमें प्रदेश और बॉलीवुड के बड़े कलाकार आमंत्रित किए जाते थे। लंबे समय बाद स्वर्ण जयंती पार्क इंदिरापुरम में नगर निगम की ओर से पहली बार फ्लॉवर शो का आयोजन किया जा रहा है, जो एक सरकारी आयोजन रहेगा। फ्लॉवर शो फरवरी माह के अंत में होगा। उस समय बसंत ऋतु का दौर चल रहा होगा। बसंत ऋतु में तमाम तरीके के रंग-बिरंगे पुष्प, सुगंधित पौधे और अपनी हरियाली से लेकर विशेषता प्रदर्शित करने वाले पौधे भी अपनी छटा बिखेर रहे होते हैं। इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए इसमें लैंड क्राफ्ट के साथ ही हॉर्टिकल्चर फ्लोरीकल्चर सोसायटी का भी सहयोग लिया जा रहा है ताकि नगर निगम गाजियाबाद के इस आयोजन को विशाल रूप देते हुए सफल बनाया जा सके।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हैवीवेट कृपा से जीडीए बोर्ड सदस्य बनने की है ठाकुर साहब की ख्वाहिश? सुना है ठाकुर मेंबर कर रहे हैं पूरी जोर आजमाइश? क्या मिलेगा उन्हें पावर सेंटर से आशीर्वाद? क्या निगम वाले ठाकुर नदियापारी खेलेंगे जीडीए बोर्ड सदस्य वाली पारी? क्या भगवान के नाम पर हो जायेगा किसी का नाम होल्ड? क्या हेवीवेट कर देंगे यहां किसी को क्लीन बोल्ड?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम की बोतल से बाहर आने वाला है पार्षद की नाराजगी का जिन्न? सुना है फूल वाले त्यागी मेंबर का मन हो गया खिन्न? वो गए थे सदन मुखिया के आवास पर करने शिष्टाचार मुलाकात? काफी देर तक करना पड़ा इंतजार ओर फिर अजीब सा मिला व्यवहार? मेंबर से पूछ लिया गया आप यहां आए किसलिए? कुछ काम हो तो बताइए वरना तशरीफ अपने वार्ड की तरफ ले जाइए? फूल वाले मेंबर का टूट गया है दिल? वो कह रहे हैं कि अपने ही दल वालो से अपने घर पर भला कोई ऐसे लहजे में कैसे सकता है मिल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथ वालों के चौधरी साहब के लग गई चोट? हाथ वालों ने पता नहीं कितनी की है उनकी केयर? सुना है चौधरी साहब गिर गए फ्रॉम द चेयर? अब वो है एकदम ठीक? वो ये बात नहीं चाहते थे किसी को बताना? पर बात हो लीक ओर बन गया फसाना?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नीले महावतों के बीच चल रहा है ट्यूनिंग एरर? वो सियासी मुद्दों को लेकर रहते हैं खामोश? सुना है इस बात को लेकर है रोष ? जिसे मिला है ताज वो ही करेगा बात? महावतों के दबी जुबान से निकले हैं विचार? वो बता रहे हैं कि कुछ तो चल रही है तकरार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम के अवर अभियंता से हो कर नाराज? भाजपा पार्षद ने पत्र लिखा ओर बड़े साहब तक पहुंचाई अपनी आवाज? कहा अवर अभियंता समझ रहे हैं खुद को विकास का नीति नियंता? मैं वार्ड का चुना हुआ जनप्रतिनिधि हूं और मेरी ही लग रही है निधि? मुझसे पूछा तक नहीं कि कहां होना है काम काज? विकास की कहानी में आ गया है ट्विस्ट? विकास ही कर दिया अवर अभियंता ने इस वार्ड से उस वार्ड में शिफ्ट? अब उपाध्याय जी होते रहे नाराज? शिफ्ट की कहानी में 40 ओर 41 का ही तो फर्क है जनाब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हैवीवेट वाले दफ्तर में किसी ने पूरे प्रेम के साथ रख दी दिल की बात? कहा हम ऐसे बैट्समैन रहे जिनकी बिगड़ी हमेशा शतक के करीब आकर बात? सीन हुआ कुछ इस तरह से फ्रेम? लास्ट मोड पर आकर आउट हुआ हमेशा मेरा ही नेम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार वाले हरीश जी ने कुंभ में झुका दिया किस तमन्ना को लेकर अपना शीश? सुना है कुंभ में लगाई है उन्होंने किसी के सियासी रूप से डूबने की कामना करती डुबकी? सुना है एक डुबकी से नहीं चला है काम? उन्होंने लगाई है 11 डुबकी लेकर किसी विरोधी का नाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा बसंत में दिखाई देगा इस बार इंटरनल द्वंद? उस पार के पूर्वांचल वाले करेंगे किसी बवंडर को अवॉइड? वो गेस्ट लिस्ट में नहीं रखेंगे उनका नाम? लिट्टी चोखा वाली दावत में ही दे दिया गया था ये पैगाम? कहने वाले ने कहा कि आप भी देख लेना उधर के कितने निमंत्रण पर दिखेगा अब इधर के हो चुके उनका नाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महानगर अध्यक्ष के दावेदार अब लग गए है नामित वाली लाइन में? वो साध रहे हैं अपनी बिरादरी के विधायक पर ही निशाना? कह रहे हैं कि उनका तो काम ही है अपने चहेतों का नाम भिजवाना? कहने वाले ने भी कहा कि आप विधायक जी के किस चुनाव में प्रचार करते दिखे जरा हमे भी बताना? कहने वाले ने कहा कि दावेदारी करना सभी का हक है? किस का नाम विधायक जी कोर में रखें ये उस नाम का लक है?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा तरुण लगा रहे हैं इन दिनों दिल्ली में सियासी अरमानों को लेकर रेस? वो चुनाव प्रचार की कर रहे हैं बात? मगर बिछा दी है उन्होंने दिल्ली के सियासी भगवा गलियारे में अपनी बिसात? वो चाहते हैं अब पूरी हो उनकी भी सरकारी कृपा वाली मुराद?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# भाजपा की तर्ज पर सपा बूथ स्तर तक शुरू करेगी काम

## पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को साधने का प्लान हुआ तैयार

## विधानसभा के हर बूथ पर लगेगी पीडीए पंचायत








**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में जिस शानदार तरीके से उत्तर प्रदेश में वापसी की है, उससे वह फुल ऑफ कॉन्फिडेंस है और यही वजह है कि अब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव अभी से 2027 के लिए जुट गए हैं। जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर पर काम करती है। इस प्रकार से अब समाजवादी पार्टी बूथ स्तर पर पीडीएफ पंचायत का आयोजन शुरू कर रही है। यह कार्यक्रम 27 जनवरी से इस कार्य योजना को शुरू कर दिया गया है। जिसका मकसद 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के रूप में देखा जा रहा है। इस कड़ी में अब समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष ने अलग-अलग विधानसभाओं में पीडीए की पंचायत करना शुरू कर दिया है। पीडीए यानी पिछड़ा ,दलित एवं अल्पसंख्यक को साथ लेकर चलने का अभियान शुरू हो चुका है।

### साहिबाबाद ,लोनी, मोदीनगर और गाजियाबाद विधानसभा में शुरू हुई पीडीए पंचायत




**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने 27 जनवरी को पीडीए पंचायत प्रत्येक विधानसभा और बूथ स्तर पर शुरू करने की घोषणा की थी। इसका असर अब गाजियाबाद जिले और महानगर में भी देखना शुरू हो गया है। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र राजीव कॉलोनी सेक्टर प्रभारी नरेश जाटव, साजिद मलिक द्वारा पीडीए की चर्चा लाजपत नगर में सेक्टर प्रभारी सुरेंद्र यादव ने चर्चा की। वहीं लोनी विधानसभा क्षेत्र में महिला सभा जिला अध्यक्ष दुर्गेश चौधरी द्वारा फौजी गार्डन में पीडीए की चर्चा की गई। इसके साथ ही मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में सत्येंद्र शर्मा जिलाध्यक्ष द्वारा भूपेंद्र पुरी में पीडीए पर चर्चा की गई। वहीं महिला सभा महानगर अध्यक्ष किरण कालिया द्वारा गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र के सिद्धार्थनगर में यह बैठक आयोजित की गई।

### क्या लोकसभा की तरह विधानसभा में भी हिट होगा पीडीए फार्मूला

**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी की कोशिश है कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में लोकसभा चुनाव का रिफ्लेक्शन नजर आए। इस दौरान जो समाजवादी पार्टी ने पीडीए के तहत समीकरण बनाने का प्रयास शुरू कर दिया है, अब समाजवादी पार्टी की कोशिश है कि वो बूथ स्तर पर पीडीए की पंचायत कर मतदाताओं और कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा जाए ताकि वह समाजवादी पार्टी के साथ हो जाएं।

# दिल्ली चुनाव को लेकर आठ थानाक्षेत्रों में रहेगी कमिश्नरेट पुलिस की अतिरिक्त निगरानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा का चुनाव है। विधानसभा चुनाव के लिए 3 फरवरी की शाम 5 बजे के बाद चुनाव प्रचार थम जाएगा। तो वहीं दिल्ली में चुनाव के मद्देनजर गाजियाबाद के तमाम ऐसे थानाक्षेत्र हैं, जहां पर 3 फरवरी से लेकर 5 फरवरी की शाम मतदान समाप्त होने तक शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रांस हिंडन और देहात जोन के 8 ऐसे थानाक्षेत्र हैं, जहां पर पुलिस की अतिरिक्त निगरानी और चौकसी भी देखने को मिलेगी। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि यह आठ थानाक्षेत्र ऐसे हैं जो दिल्ली की अलग-अलग सीमाओं चौकी और थाना क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं। दिल्ली में चुनाव है और चुनाव के दौरान कोई किसी प्रकार की गड़बड़ी या माहौल खराब ना करें, इसको लेकर दिल्ली बॉर्डर और सीमा से लगे इन थानाक्षेत्रों में भी विशेष अलर्टनेस पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा बरती जाएगी।

## शराब माफियाओं से लेकर शरारती तत्वों पर रहेगी नजर, ड्रोन से लेकर सोशल मीडिया पर होगी निगरानी

### इन आठ थानाक्षेत्रों में पुलिस रखेगी नजर, लगाई जाएगी बैरिकेडिंग

**करंट क्राइम :** देश की राजधानी दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा का चुनाव है। विधानसभा चुनाव को लेकर जहां दिल्ली की सीमाओं पर केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों को तैनात कर दिया गया है। तो वहीं दिल्ली पुलिस भी अधिक चौकसी और मुस्तैदी बरत रही है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले नदिया पार के खोड़ा, कौशांबी, लिंक रोड तो वहीं शालीमार गार्डन, टीलामोड़, अंकुर विहार के साथ ही लोनी बॉर्डर, लोनी यह ऐसे थानाक्षेत्र हैं, जो दिल्ली की सीमाओं से लगे हुए हैं। यहां की एक सड़क उत्तर प्रदेश और साहिबाबाद विधानसभा को टच करती है। तो दूसरी सड़क दिल्ली प्रदेश में आती है। यहां कई मोहल्ले भी ऐसे हैं, जिसका आधा हिस्सा दिल्ली में आता है, तो आधा हिस्सा गाजियाबाद से लगा हुआ है। दिल्ली में चुनाव के हैं इसलिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के इन आठ थानाक्षेत्रों की पुलिस खास निगरानी रखने का काम करेगी ताकि सब को ओके रहे।



### ड्रोन से होगी जांच और सोशल मीडिया पर रहेगा ध्यान



**करंट क्राइम :** पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए इन आठ थानाक्षेत्रों में ड्रोन से जांच होगी। साथ ही यहां किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी तो नहीं चल रही है या वहां के शरारती तत्व यहां का माहौल न खराब कर दें। इसके साथ ही सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर भी भड़काऊ संदेश या वीडियो वायरल करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनपर कार्रवाई करने का काम होगा। इसके लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सोशल मीडिया सेल भी निगरानी रखेगी।

## संपादकीय

# ज्ञान की यह नदी टीचर

टीचर्स कभी नहीं सिखा सकते। स्टूडेंट्स को ही सीखना पड़ता है। यह स्टूडेंट्स की जिम्मेदारी है कि वही टीचर्स को सिखाने के लिए प्रेरित करें। मैंने अपने वरिष्ठों से सीखा कि ज्ञान एक तेज बहती नदी की तरह है। ज्ञान की यह नदी टीचर, मेंटर या गुरु के पास से बहती रहती है। यह स्टूडेंट्स पर निर्भर करता है कि उस नदी से वह कितना पानी भर पाते हैं- एक कप, एक बाल्टी या फिर ट्रक भरकर? जब भी मैं अपने कमरे में रियाज करता, तो हमेशा उनका ध्यान खींचना चाहता था। (यहां वो अपने पिता का जिक्र कर रहे हैं) और उनका ध्यान मेरी ओर तभी आता, जब मुझे सिखाए सबक को मैं थोड़ा तोड़-मरोड़कर पेश करके उसे दूसरी तरह से बजाता। जब मैं ऐसा करता, तो मेरी इस कोशिश पर बाहर से पिता की स्वीकारोक्ति भरे स्वर में हम्म्म्म की आवाज आती। और फिर वह अचानक दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते और दूसरी ताल बजाने के लिए कहते। उनके इन शब्दों से मुझे प्रेरणा मिलती क्योंकि वह मेरे प्रयास की आलोचना करने या उसे कोई मान्यता देने के बजाय और कई तरीके से प्रयोग करने के लिए मुझे गाइड करते। मेरे पिता से मुझे यह प्रेरणा मिली। दरवाजे पर खड़े होकर एक हाथ में कागज और दूसरे हाथ की अंगुलियों से ताल की सीख दे रहे एक टीचर के इन सबक ने जाकिर हुसैन को न सिर्फ अपने पिता की विरासत को आगे ले जाने में मदद की, बल्कि इसके चलते ही वह तबला वादन को उस ऊंचाई तक ले गए, जहां यह पहले कभी नहीं था। उनके पिता सह गुरु चाहते थे कि बेटा व्यापक लोगों तक शास्त्रीय संगीत को लेकर जाएं और इसको सबके लिए सुलभ बनाते हुए उन्हें मंत्रमुग्ध करते हुए संगीत को एक दिव्यता के अहसास से जोड़ें। जब मुझे पहली सैलरी मिली और वह पैकेट घर लाया, तो मेरे अंदर का दिल नाच रहा था कि मेरे पिता मुझे गले लगाएंगे और इस मुकाम पर पहुंचने के लिए मेरी सराहना करेंगे। लेकिन हुआ इसके उलट। बस बढ़िया कहा और फिर बोले कि इसे अपनी मां को दे दो और उन्हें इसे पूजा वाले कमरे में रखने के लिए कह दो। तुम बाथरूम जाकर हाथ-पैर धो लो और ईश्वर की प्रार्थना करो। छह महीने की सैलरी के बाद जाकर एक दिन पिता ने कहा, ह्यतुम्हें जिम्मेदार बनता देखकर मुझे खुशी हो रही है, तुमने बिना कोई छुट्टी लिए छह महीने का प्रोबेशन पीरियड पूरा किया और अब तुम स्थाई हो गए हो। अब याद रखना कि अपनी छोटी बहन को अच्छा पढ़ाने-लिखाने और उसकी किसी अच्छी जगह शादी करने में तुम्हें मेरी मदद करनी होगी। वो शब्द मेरे कानों में सिर्फ संगीत की तरह नहीं थे। बल्कि उसने उद्वेलित कर दिया कि मैं जिंदगी में आर्थिक रूप से विवेकपूर्ण बनूं। थोड़ा रुककर खुश होने की उनकी इस आदत को, उनके जाने के बाद मैं आज भी जीता हूं। 1970 में मिशेल और एबेसेन के अपने एक शोध में कहा कि ह्लदेर से संतुष्ट होने की आदत, दूरगामी फायदों के लिए तात्कालिक लाभ को जाने देने की काबिलियत है। आमतौर पर, थोड़ा रुककर होने वाली संतुष्टि का मूल्यांकन उन कामों में किया जाता है जिसमें व्यक्ति भविष्य के किसी बड़े पुरस्कार (पढ़ें जिंदगी)

## भारतीय बाजारों में बढ़ा लचीलापन

# इको सर्वे ने 2025 में सार्थक बाजार सुधार के प्रति किया आगाह

**नई दिल्ली।** भारत में खुदरा निवेशकों की भागीदारी खासकर युवा निवेशकों की बढ़ी है। 2020 में जहां निवेशक 4.9 करोड़ थे, वहीं 31 दिसंबर 2024 तक यह संख्या बढ़कर 13.2 करोड़ हो गई। सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि अमेरिकी बाजार में जो आशावादी भावना है और वहां के बढ़े हुए मूल्यांकन, 2025 में एक बड़ा सुधार ला सकते हैं। शुक्रवार को जारी आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया कि शेयर बाजार में मूल्यांकन बढ़ने के बावजूद भारत को सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि अमेरिका के बाजारों में अगर कोई सुधार होता है, तो उसका असर भारत पर भी पड़ सकता है। खासकर, कोविड-19 के बाद भारत में युवा निवेशकों की संख्या बढ़ी है, जो शेयर बाजार में सक्रिय हो गए हैं।




खुदरा निवेश पर युवा निवेशकों की बढ़ोतरी आखिरी कुछ वर्षों पर नजर डाले तो भारत में खुदरा निवेशकों की भागीदारी खासकर युवा निवेशकों की बढ़ी है। 2020 में जहां निवेशक 4.9 करोड़ थे, वहीं 31 दिसंबर 2024 तक यह संख्या बढ़कर 13.2 करोड़ हो गई। सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि अमेरिकी बाजार में जो आशावादी भावना है और वहां के बढ़े हुए मूल्यांकन, 2025 में एक बड़ा सुधार ला सकते हैं। अगर ऐसा हुआ, तो यह भारत में युवा और नए निवेशकों पर ज्यादा प्रभाव डाल सकता है, क्योंकि इनमें से ज्यादातर ने पहले कभी बड़े बाजार सुधार नहीं देखे हैं।

### अमेरिकी बाजरों की तुलना में ज्यादा लचीला

हालांकि, सर्वेक्षण में यह भी बताया गया कि भारतीय बाजार अमेरिकी बाजारों के मुकाबले ज्यादा लचीले साबित हुए हैं। उदाहरण के लिए, अक्टूबर 2024 में जब विदेशी निवेशकों ने भारत से 11 बिलियन डॉलर निकाल लिए, तो भी भारतीय बाजार में गिरावट कम रही। वहीं, मार्च 2020 में महामारी के कारण हुए संकट में 8 बिलियन डॉलर के एफपीआई बहिर्वाह के बावजूद भारतीय बाजारों में भारी गिरावट आई थी। इसलिए, जबकि भारतीय बाजारों की लचीलापन बढ़ी है और निवेशक आशावादी हैं, फिर भी अमेरिकी बाजार में सुधार से जुड़ी संभावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### इक्विटी बाजार पर एक नजर

आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया है कि भारतीय इक्विटी बाजार अमेरिकी बाजारों के उतार-चढ़ाव के प्रति बहुत संवेदनशील रहा है। ऐतिहासिक डेटा के अनुसार, जब अमेरिकी बाजार एसएंडपी 500 में 10% से अधिक गिरावट आई, तो निफ्टी 50 ने लगभग सभी मामलों में नकारात्मक रिटर्न दर्ज किया। औसतन, निफ्टी 50 में 10.7% की गिरावट आई। वहीं, जब भारतीय बाजार निफ्टी 50 में 10% से ज्यादा गिरावट आई, तो अमेरिकी बाजार एसएंडपी 500 ने 13 बार सकारात्मक रिटर्न दिखाया, लेकिन इसका औसत रिटर्न -5.5% रहा। साथ ही सर्वेक्षण में यह भी कहा गया कि भारतीय पूंजी बाजार देश के विकास की कहानी के केंद्र में हैं। ये पूंजी निर्माण को बढ़ावा देते हैं, घरेलू बचत को वित्तीय रूप में बदलते हैं, और धन सृजन को सक्षम बनाते हैं।

### भारतीय शेयर बाजार की ऊंचाई

गौरतलब है कि दिसंबर 2024 तक, भारतीय शेयर बाजार ने कई चुनौतियों के बावजूद नई ऊंचाइयों तक पहुंचा है। इनमें भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं, मुद्रा अवमूल्यन और घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव जैसी समस्याएं शामिल थीं।

## ट्रंप ने एक बार फिर ब्रिक्स देशों को चेताया

# कहा- डॉलर का साथ छोड़ा तो लगेगा 100 फीसदी टैरिफ



**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर ब्रिक्स देश दूसरी मुद्रा अपनाएंगे तो अमेरिका उनका साथ छोड़ देगा। हमें इन शत्रुतापूर्ण देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे, अन्यथा उन्हें 100% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ब्रिक्स देशों को अमेरिकी डॉलर की बजाय दूसरी मुद्रा अपनाने पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर ब्रिक्स देश दूसरी मुद्रा अपनाएंगे तो अमेरिका उनका साथ छोड़ देगा।

ट्रंप ने लिखा कि यह विचार है कि ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि हम खड़े होकर देखते हैं, खत्म हो चुका है। हमें इन शत्रुतापूर्ण देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे, अन्यथा उन्हें 100% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। उन्हें शानदार अमेरिकी अर्थव्यवस्था में नई मुद्रा को बेचने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। वे किसी अन्य बेवकूफ देश की तलाश कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय व्यापार में या कहीं और अमेरिकी डॉलर की जगह ले लेगा। जो भी देश ऐसा करने की कोशिश करेगा, उसे टैरिफ को नमस्ते कहना चाहिए और अमेरिका को अलविदा कहना चाहिए। पहले भी चेतावनी दे चुके हैं ट्रंप ट्रंप ब्रिक्स देशों को पहले भी चेतावनी दे चुके हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जब बेंजामिन फ्रैंकलिन ने अपनी खुद की हारमोनिका का आविष्कार किया, तो यूरोप में इतना लोकप्रिय हो गया कि मोजार्ट और बीथोवेन ने इसके लिए संगीत बनाया।
- वेब रोटरी प्रेस के आविष्कारक विलियम बुलॉक को अपने स्वयं के आविष्कार से मार दिया गया था।
- अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने कई उड़ान मशीनों का आविष्कार किया, लेकिन उड़ान भरने के उनके प्रयासों को फ्लॉप किया गया।
- नोबेल पुरस्कार के अल्फ्रेड नोबेल, अपने प्रयोगशाला में एक दुर्घटना में अपने भाई को खो दिया। वे तरल नाइट्रोजन के साथ काम कर रहे थे और एक अधिक स्थिर विस्फोटक बनाने का प्रयास कर रहे थे। नोबेल दुर्घटना के बाद अपने शोध को पूरा करने में सक्षम थे और डायनामाइट का आविष्कार किया था।
- साल 17 9 5 में, नेपोलियन ने 12,000-फ्रैंक पुरस्कार की पेशकश की, जो कि भोजन को संरक्षित करने और इसे पोर्टेबल बनाने का एक तरीका खोज सके। एक पेरिस के कन्फेक्शनर ने 15 साल का प्रयोग किया और पुरस्कार जीता।
- थॉमस एडीसन ने टैटू कलम का आविष्कार किया था।

## खपत और वृद्धि दर बढ़ाने के लिए टैक्स में रियायत संभव

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को रिकॉर्ड आठवां बजट पेश करेंगी। मुख्य फोकस खपत व रोजगार बढ़ाने के साथ 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने पर होगा। यह बजट तय करेगा कि दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली जीडीपी किस दिशा में जाएगी। बुनियादी ढांचे पर खर्च जारी रहने की संभावना है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी...चारों के लिए भी कई घोषणाएं हो सकती हैं। वैश्विक और घरेलू अनिश्चितताओं के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी यानी शनिवार को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगी। आर्थिकी के आंकड़ों के लिहाज इसे नरेंद्र मोदी सरकार के अब तक के कार्यकाल का सबसे कठिन बजट माना जा रहा है। इसकी कई वजहें हैं। महंगाई और खासकर उच्च खाद्य महंगाई ने परिवारों की बचत को प्रभावित किया है। रुपया लगातार टूट रहा है। कंपनियों के नतीजे उम्मीद के अनुरूप नहीं रहे। विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजारों से लगातार पैसे निकाल रहे हैं। खपत की रफ्तार कई तिमाहियों से धीमी पड़ी है, जिसकी वजह से चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था की रफ्तार घटकर करीब दो साल के निचले स्तर पर 5.4 फीसदी पर आ गई। इसके साथ ही, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रूप में देश के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है, जिसने आयात पर टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है।




## राशिफल

**मेष:** किसी से बात करने में कुछ दिन लग जाते हैं इसलिए कोई ऐसी बात कह सकते हैं जो ठेस पहुंचा सकती है। इसलिए बोलते समय अपने शब्दों का ध्यान रखें।

**वृष:** रिश्तों में खटास आएगी और किसी बात को लेकर आप निराश भी होंगे। ऐसे में बेहतर होगा कि हम खुलकर बात करें।

**मिथुन:** पढ़ाई में रुचि कम होगी और अन्य कार्यों के प्रति भी आलस्य रहेगा। दिन कुछ सुस्ती भरा रहेगा, लेकिन शाम को कुछ ऐसा होगा जो उत्साहित कर देगा।

**कर्क:** राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शुभ है और उन्हें कोई अच्छा प्रस्ताव मिल सकता है। अपने राज किसी से शेयर करने से बचें।

**सिंह:** आज आपको अपने पार्टनर से प्यार तो होगा, लेकिन उसे जाहिर करने के मौके कम मिलेंगे। ऐसे में आप भी उनके साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं।

**कन्या:** किसी से भी लड़ाई-झगड़ा करने से बचें, यह बुरा होगा। घर में सबके बीच प्रेम बढ़ेगा, लेकिन किसी के साथ आपकी अनबन खुलकर सामने आएगी।

**तुला:** घर से बाहर न निकलें, या जाना ही पड़े तो पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल न करें। पूरी तरह सतर्क रहें और किसी भी अनजान व्यक्ति के संपर्क में न आएं।

**वृश्चिक:** यदि आपने किसी से पैसा उधार लिया है तो उसे आज चुका दें या उनसे आराम से बातचीत कर मामला सुलझा लें नहीं तो बात बिगड़ सकती है।

**धनु:** नौकरी कुछ दिनों के लिए अटक जाए या कारोबार ठप पड़ जाए तो जीवन सामान्य हो सकता है। आज का दिन कई शुभ संकेत लेकर आया है।

**मकर:** ग्रह दोष आज आप पर है इसलिए आपको हनुमान मंदिर जरूर आना चाहिए नहीं तो घर में तीन बार हनुमान चालीसा का पाठ करें। संकट टलेगा।

**कुंभ:** आज दिन भाग्यशाली है। अगर आप निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं या किसी से बात करना चाहते हैं तो आज कर लें। परिणाम आपके अनुकूल रहेंगे।

**मीन:** घर में किसी नए भाग्य का आगमन होगा जिससे मन प्रसन्न रहेगा। अगर आपके मन में कोई बात है तो खुलकर कहिए। कृषि के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

## चुटकुले

अकबर ने बीरबल से तीन नये सवाल पूछे
और कहा तीनों का जवाब
एक ही होना चाहिये।
दूध क्यों उफन जाता है ?
पानी क्यों बह जाता है ?
सब्जी क्यों जल जाती है ?
बीरबल ने जवाब दिया।
व्हाटसअप चालू होने की वजह से।

---

वो लड़कियां भी किसी आतंकवादी से कम नहीं हुआ करती थी।
जो टीचर के क्लास मे आते ही याद
दिला देती है ..
सर आपने टेस्ट का बोला था!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# बीसीसीआई अवॉर्ड्स में छाए बुमराह और मंधाना

## सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्रिकेटर का पुरस्कार मिलेगा

**मुबंई ।** भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वार्षिक पुरस्कार में छाए हैं। बुमराह और मंधाना को 2023-24 का सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्रिकेटर का पुरस्कार दिया जाएगा। बुमराह पुरुष, जबकि मंधाना महिला वर्ग की बीसीसीआई की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुनी गई हैं।






बुमराह को हाल ही में आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था, जबकि उन्हें सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी भी चुना गया था। बुमराह ने पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था और भारत को टी20 विश्व कप में मिली खिताबी जीत में अहम योगदान दिया था। बुमराह को हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। इस भारतीय तेज गेंदबाजी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 32 विकेट लिए थे।

**टी20 विश्व कप खिताब दिलाने में निभाई अहम भूमिका :** बुमराह ने पिछले साल की शुरूआत इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के साथ की थी। बुमराह ने फिर अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में प्रभावित किया था। उन्होंने टूनामेंट में 8.26 के औसत से 15 विकेट लिए थे। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था।

जिसमें भी बुमराह का योगदान काफी अहम रहा था। बुमराह को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूनामेंट चना गया था।

बुमराह ने हाल ही में टेस्ट में 200 विकेट पूरे किए थे। बुमराह 2024 में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 13 मैच में 14.92 की औसत और 30.16 के स्ट्राइक रेट से 71 विकेट चटकाए, जो पारंपरिक प्रारूप में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। चाहे दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियां हों या स्वदेश में तेज गेंदबाजों के लिए कठिन परिस्थितियां, बुमराह ने पूरे साल प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

### मंधाना के लिए बेहतरीन रहा था साल 2024

दूसरी ओर, मंधाना को आईसीसी के साल की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर का पुरस्कार दिया गया था। 28 साल की मंधाना वर्ष 2024 की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रही थीं। मंधाना ने 2024 कैलेंडर वर्ष में 743 रन बनाए थे और उन्होंने चार वनडे शतक लगाए जो महिलाओं के क्रिकेट में एक रिकॉर्ड है।

# जीत की पटरी पर लौटने उतरेगी भारतीय टीम




**नई दिल्ली ।** सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ अजेय बढ़त हासिल करने के इरादे से चौथे टी20 मुकाबले में उतरेगी। भारत ने कोलकाता और चेन्नई में खेले गए शुरूआती दो टी20 मुकाबले जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, तीसरे मैच में इंग्लैंड ने वापसी की और भारत को 26 रन से हराकर सीरीज में वापसी की। अब यह सीरीज 2-1 पर पहुंच गई है। अगर टीम इंडिया चौथा टी20 जीत जाती है तो 3-1 से सीरीज अपने नाम कर लेगी। भारत का इंग्लैंड पर दबदबा भारतीय टीम 2017 से इंग्लैंड पर टी-20 सीरीज में श्रेष्ठता दर्ज करती आ रही है। 2017 में भारत ने इंग्लैंड को तीन मैचों की सीरीज में 2-1 से, 2018 में तीन मैचों की सीरीज में 2-1 से, 2021 में पांच मैचों की सीरीज में 3-2 से और 2022 में तीन मैचों की सीरीज में 2-1 से हराया था।

# भारतीय खिलाड़ियों से फ्रेंडली नहीं होना

## कमजोर लगोगे, पाकिस्तानी क्रिकेटर्स को मिली कड़ी चेतावनी

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरूआत 19 फरवरी से होगी। टूनामेंट का आयोजन पाकिस्तान में होना है, लेकिन भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलेगी। सुरक्षा कारणों से सरकार भारतीय टीम को पाकिस्तान नहीं भेज रही है। ऐसे में टूनामेंट हाइब्रिड मॉडल में खेला जा रहा है। इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोईन खान ने अपने प्लेयर्स से खास रिक्वेस्ट की है।




### भारतीय प्लेयर्स के साथ फ्रेंडली ना हों

पूर्व पाकिस्तानी कप्तान मोईन खान ने अपने प्लेयर्स से रिक्वेस्ट की कि वह मैदान पर भारतीय प्लेयर्स के साथ फ्रेंडली ना रहें। इससे पाकिस्तानी टीम कमजोर नजर आएगी। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को जंग होगी। मोईन ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार करना उन्हें हैरान करने वाला लगता है।

पूर्व हेड कोच और चीफ सेलेक्टर ने एक पॉडकास्ट में कहा, जब मैं इन दिनों पाकिस्तान और भारत के मैच देखता हूं तो मुझे यह समझ नहीं आता है, जैसे ही भारतीय खिलाड़ी क्रीज पर आते हैं हमारे खिलाड़ी उनके बल्ले की जांच करते हैं, उन्हें थपथपाते हैं, फ्रेंडली बातचीत करते हैं। उन्होंने कहा, आजकल भारत के खिलाफ खेलते समय हमारे खिलाड़ियों का व्यवहार मेरे लिए अकल्पनीय है। यहां तक कि प्रोफेशनली मैदान के बाहर भी आपको कुछ बाउंड्री रखनी होती हैं।

मोईन खान भारत के खिलाफ 4 टेस्ट और 49 वनडे खेले हैं। उन्होंने कहा कि कि वह विपक्षी खिलाड़ियों के प्रति सम्मान के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन उनके साथ ज्यादा फ्रेंडली नेचर नुकसानदायक हो सकता है। मोईन ने कहा, हमारे सीनियर्स ने हमेशा हमें बताया कि भारत के खिलाफ खेलते समय उन्हें कोई मौका न दें और मैदान पर उनसे बात करने की भी जरूरत नहीं है। जब आप फ्रेंडली व्यवहार करते हैं, तो वे इसे कमजोरी के संकेत के रूप में देखते हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका

## चोट की वजह से यह स्टार ऑलराउंडर हुआ बाहर

**सिडनी ।** चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने में अब बस कुछ ही दिनों का वक्त बचा है। उससे पहले विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ा झटका लगा है। स्टार ऑलराउंडर मिचेल मार्श चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने इसकी पुष्टि की है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 13 जनवरी को टीम का एलान किया था। हालांकि, अभी तक मार्श के रिप्लेसमेंट का एलान नहीं किया गया है। चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत 19 फरवरी से होने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया अपने अभियान की शुरूआत 22 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ लाहौर में करेगा।




**मार्श के कमर में समस्या :** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बताया कि मार्श के कमर में समस्या है। इसको लेकर वह भारतीय सीरीज के दौरान ही जूझते दिखे थे। हालांकि, अभी यह समस्या बढ़ गई है। मार्श को भारत के खिलाफ सीरीज के दौरान आखिरी टेस्ट से भी बाहर किया गया था। वह बिग बैश लीग में अपनी टीम पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए भी एक भी मैच नहीं खेले थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक, 33 साल के मार्श बैक स्ट्रेस फ्रैक्चर से गुजर रहे हैं। पिछले कुछ समय से वह रिहैब में हैं, लेकिन इस दौरान उनकी समस्या और बढ़ गई है। सीए ने कहा- राष्ट्रीय चयन समिति और ऑस्ट्रेलियाई पुरुष मेडिकल टीम ने मार्श को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। अब वह वापसी के लिए जरूरी आराम करेंगे और रिहैब से गुजरेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई टीम जल्द ही उनके रिप्लेसमेंट का एलान सकती है। टीम में बदलाव करने की आखिरी तारीख 12 फरवरी है। ऐसे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय चयन समिति के पास काफी समय है। ऑस्ट्रेलियाई टीम फिलहाल चोटों से जूझ रही है। कप्तान पैट कमिंस खुद चोटिल हैं। उनके टखने में चोट है और साथ ही उनकी पत्नी बेकी दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं। ऐसे में अगर कमिंस नहीं खेलते तो मार्श को टीम की कमान सौंपी जा सकती थी। हालांकि, अब मार्श खुद बाहर हो चुके हैं। कमिंस के चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने पर भी संशय बरकरार है। अगर वह भी बाहर होते हैं तो स्टीव स्मिथ को कमान सौंपी जा सकती है। स्मिथ फिलहाल श्रीलंका दौरे पर टीम की कमान भी संभाल रहे हैं। वहीं, मौजूदा टेस्ट उपकप्तान ट्रेविस हेड कप्तानी के एक अन्य विकल्प होंगे।

मार्श की चोट कितनी गंभीर है, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन उनके आईपीएल में खेलने पर भी संशय है। पिछले साल मेगा नीलामी में उन्हें लखनऊ सुपरजाएंट्स की टीम ने 3.40 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके साथ ही उनके जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भी खेलने पर सस्पेंस है। ऑस्ट्रेलियाई टीम जून में डब्ल्यूटीसी के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी।

# सबसे ज्यादा 600+ का स्कोर बनाने में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर, भारत समेत अन्य टीमों के आंकड़े

**गॉल ।** ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को गॉल में पहले टेस्ट के दूसरे दिन छह विकेट पर 654 रन पर पहली पारी घोषित करके एशिया में अपना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। इसके बाद श्रीलंका की टीम दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 44 रन बना चुकी थी। इतना स्कोर बनाते ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सबसे ज्यादा बार 600+ रन का स्कोर बनाने के मामले में भारत पर बढ़त ले ली है। ऑस्ट्रेलिया ने किसी टेस्ट पारी में 35वीं बार 600 या इससे ज्यादा का स्कोर बनाया है। वहीं, भारत 33 बार के साथ इस सूची में दूसरे नंबर पर है।

### भारत दूसरे और इंग्लैंड तीसरे स्थान पर

ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 35 मैचों में पारी में 600+ का स्कोर बनाया है। इससे पहले जब जब उन्होंने 600 से ज्यादा का स्कोर बनाया है, वे वह मैच कभी नहीं हारे हैं। पिछले 34 में से 28 टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की है, जबकि छह ड्रॉ रहे हैं। ऐसे में गॉल टेस्ट में भी ऑस्ट्रेलिया का दावा मजबूत लग रहा है। वहीं, भारत ने 33 टेस्ट में 600 या इससे ज्यादा का स्कोर बनाया। भारत ने भी किसी पारी में 600+






का स्कोर बनाने के बाद वह मैच नहीं गंवाया है। भारत ने 33 में से 18 टेस्ट जीते हैं, जबकि 15 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। हालांकि, यह गौर की जाने वाली बात है कि भारत ने पिछली बार 600+ का स्कोर साल 2019 में बनाया था। इंग्लैंड इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। उसने 22 टेस्ट में 600+ का स्कोर बनाया है। इसमें से 12 मैचों में इंग्लिश टीम को जीत मिली, जबकि 10 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए।

वेस्टइंडीज ने 20 टेस्ट में तो श्रीलंका ने 16 टेस्ट में 600 या इससे ज्यादा का स्कोर बनाया। पाकिस्तान 15 बार ऐसा कर चुका है। इस लिस्ट में सबसे नीचे अफगानिस्तान और बांग्लादेश की टीमें हैं। इन दोनों ने एक-एक बार ऐसा किया है। कुल मिलाकर अभी तक जिन भी टीमों ने किसी टेस्ट की किसी पारी में 600+ का स्कोर बनाया है। वह टीम कभी नहीं हारी है। या तो उन टीमों ने जीत हासिल की, या फिर वह टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अपनी पहली पारी में श्रीलंका के बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे। ओशादा फर्नांडो सात रन पर आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे, जिन्हें मैथ्यू कुहनेमैन ने एल्बीडब्ल्यू आउट किया। पूर्व कप्तान दिमुथ करुणारत्ने और एंजेलो मैथ्यूज भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए। दोनों ही ऑस्ट्रेलिया की बेहतरीन फील्डिंग का शिकार हुए। करुणारत्ने सात रन पर मिचेल स्टार्क की गेंद पर गली में शानदार कैच पर आउट हुए और मैथ्यूज सात रन पर आउट हुए। नाथन लियोन की ऑफ स्पिन पर ट्रेविस हेड ने मैथ्यूज का कैच लपका। दिनेश चांदीमल और कामिंडु मेंडिस कुछ चुनौतीपूर्ण क्षणों का सामना करते हुए स्टंप तक डटे रहे। श्रीलंका की टीम खराब होती पिच पर अभी 610 रन से पीछे है और नाजुक स्थिति में है।

### ख्वाजा ने बेहतरीन दोहरा शतक जड़ा

ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार सुबह दो विकेट पर 330 रन से आगे खेलना शुरू किया जिसमें सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ शतक जड़कर क्रीज पर थे। पहले दिन 10,000 टेस्ट रन पूरे करने वाले स्मिथ ने 251 गेंद पर 141 रन की शानदार पारी खेली। ख्वाजा के साथ उनकी 266 रनों की साझेदारी दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच में तीसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

# भारतीय महिला अंडर-19 टीम टी20 विश्व कप के फाइनल में, अब दक्षिण अफ्रीका से होगा सामना

**कुआलालंपुर ।** सलामी बल्लेबाज जी कमालिनी के नाबाद अर्धशतक से दम पर भारतीय महिला अंडर-19 टीम ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को नौ विकेट से हराकर टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली है। खिताबी मुकाबले में अब भारतीय टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 113 रन बनाए। जवाब में कमालिनी ने 50 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से नाबाद 56 रनों की पारी खेली जिससे भारत ने 15 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाकर मैच जीता।




कमालिनी-त्रीसा की शानदार साझेदारी लक्ष्य का पीछा करते हुए कमालिनी और गोंगाड़ी त्रीसा के बीच पहले विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी की। इसे फोबे ब्रेट ने त्रीसा को आउट कर तोड़ा। त्रीसा 29 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुईं। त्रीसा ने इससे पहले सुपर सिक्स मुकाबले में शतक जड़ा था और वह महिला टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज बनी थीं।

इसके बाद कमालिनी ने सनिका चाल्के के साथ पारी आगे बढ़ाई और इंग्लैंड के गेंदबाजों को अन्य कोई सफलता हासिल नहीं करने दी। भारत ने इस तरह पांच ओवर शेष रहते मुकाबला जीत लिया। सनिका 12 गेंदों पर एक चौके की मदद से 11 रन बनाकर नाबाद रहीं।

# भारतीयों से मैदान पर दोस्ताना व्यवहार नहीं करें

## पाकिस्तानी पूर्व कप्तान मोईन खान का अजीबोगरीब बयान

**कराची ।** पूर्व कप्तान और मुख्य कोच मोईन खान ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों को अजीबोगरीब सलाह दी है। उन्होंने अपनी टीम से आग्रह किया है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में 23 फरवरी को दुबई में होने वाले मैच में वे मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार नहीं करें। भारत और पाकिस्तान की टीमें पिछले साल टी20 विश्व कप मुकाबले के बाद पहली बार आमने-सामने होंगी।






### पॉडकास्ट में बोले मोईन खान

मोईन ने अभिनेता उशना शाह के पॉडकास्ट में कहा, 'जब मैं इन दिनों पाकिस्तान और भारत के मैच देखता हूं तो मुझे यह समझ नहीं आता है कि जैसे ही भारतीय खिलाड़ी क्रीज पर आते हैं, हमारे खिलाड़ी उनके बल्ले की जांच करते हैं, उन्हें थपथपाते हैं और दोस्ताना बातचीत करते हैं।' भारत के खिलाफ कई मैच खेलने वाले मोईन ने कहा कि वह विपक्षी खिलाड़ियों के प्रति सम्मान रखने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उनके साथ जरूरत से ज्यादा मित्रता रखना सही नहीं है।

### 'मैदान पर उनसे बात करने की भी जरूरत नहीं'

उन्होंने कहा, 'हमारे सीनियर खिलाड़ी हमें बताया करते थे कि भारत के खिलाफ खेलते समय कोई शिकायत न करें और मैदान पर उनसे बात करने की भी जरूरत नहीं है। जब आप उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करते हैं तो वे इसे आपकी कमजोरी मान लेते हैं।

# इंग्लैंड से लगातार पांचवीं टी20 सीरीज जीतने उतरेगा भारत, रिंकू सिंह करेंगे वापसी

**पुणे ।** भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को पुणे में खेला जाएगा। इस मैच में भारतीय टीम सीरीज में अजेय बढ़त बनाने उतरेगी। फिलहाल सूर्यकुमार की अगुआई वाली टीम 2-1 से आगे चल रही है। अब उसकी नजर चौथे टी20 में जीत दर्ज कर लगातार पांचवीं सीरीज अपने नाम करने पर होगी।

### संजू सैमसन पर रहेंगी नजरें

तेज रफ्तार के सामने संजू सैमसन की कमजोरी और रिंकू सिंह का खराब फॉर्म और फिटनेस इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम प्रबंधन की चिंता का सबब होगा। राजकोट में तीसरा मैच हारने के बाद भारतीय टीम के पास मुंबई में दो फरवरी को होने वाले आखिरी मैच से पहले सीरीज जीतने का एक और मौका है। सूर्यकुमार यादव की टीम ने कोलकाता और चेन्नई में पहले दो मैच जीते थे। केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन




ने टी20 सत्र की शुरूआत बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शतक के साथ की। मौजूदा सीरीज में उनका स्कोर 26, 5 और तीन रहा है जो चिंता की बात है। वह 145 किमी की रफ्तार से अधिक वाली गेंदों का सामना नहीं कर पा रहे।

बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने तसकीन अहमद, तंजीम हसन शाकिब की गेंदें खेलीं थी जबकि दक्षिण अफ्रीका के एंडिले साइमलेन और लुथो सिपाम्ला की गेंदों का उन्होंने सामना किया। ये बहुत खतरनाक तेज गेंदबाज नहीं हैं और सैमसन ने उन्हें बखूबी खेला। वहीं इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड 145 से 155 किमी की रफ्तार से गेंद डालते हैं जिनकी गति सैमसन के लिये परेशानी का कारण बन गई है।

### छोटी-छोटी गलतियों से कब सीखेंगे सैमसन

तीनों मैचों में वह फिल सॉल्ट को कैच देकर पवेलियन लौट गए। सैमसन मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में से है और समझा जा रहा है कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए वह उन पर भरोसा बनाये रखेंगे। लेकिन उन्हें तकनीकी कमियों से पार पाना होगा।

रिंकू सिंह की कमर की तकलीफ के कारण सातवें नंबर पर ध्रुव जुरेल को उतारा गया लेकिन वह इस प्रारूप में फिट नहीं हो पा रहे। रिंकू को पहले दो मैचों में आराम दिया गया और वह चौथे मैच तक फिट हो सकते हैं। वैसे रिंकू भी अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। गंभीर जब कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर बने तब रिंकू को 2024 आईपीएल में कुल 70 गेंद खेलने को मिली और वह टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सके।

# लाहौर स्टेडियम से नहीं हटाया गया है इमरान खान का नाम, विवाद होने पर पीसीबी की सफाई

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने उन अटकलों को खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि लाहौर में नए सिरे से तैयार किए गए गद्दाफी स्टेडियम से दिग्गज क्रिकेटर इमरान खान का नाम हटा दिया गया है क्योंकि वह भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं।। अटकलें लगाई जा रही थीं कि पीसीबी ने मौजूदा राजनीतिक स्थिति के कारण स्टेडियम से 1992 की विश्व कप विजेता पाकिस्तानी टीम के कप्तान इमरान का नाम हटा दिया है। 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए गद्दाफी स्टेडियम का नवीनीकरण किया गया है।





पीसीबी के अधिकारी ने दिया बयान

पीसीबी के एक अधिकारी ने किसी का नाम लिए बिना कहा, 'स्टेडियम के किसी भी छोर का नाम नहीं बदला गया है और किसी का नाम नहीं हटाया गया है। सभी छोर के नाम पहले की तरह ही हैं।' पाकिस्तान के विश्व चैंपियन बनने के बाद 1992 में गद्दाफी स्टेडियम के एक छोर का नाम इमरान खान के नाम पर रखा गया था। यह स्टेडियम के वीआईपी स्टैंडों में से एक है। 1992 से यह लाहौर स्टेडियम पर एक स्थायी स्थान रहा है।

### जेल में बंद हैं इमरान खान

पूर्व प्रधानमंत्री इस समय पंजाब प्रांत की अटक जेल में हैं। हालांकि, उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों का खंडन किया था और कहा था कि वह राजनीतिक प्रतिशोध का शिकार हैं। हाल ही में एक अदालत ने उन्हें और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराया और क्रमशः 14 और सात साल जेल की सजा सुनाई।

### 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत

तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी का नेतृत्व करने वाले इमरान मौजूदा समय में पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के विरोध में हैं। पंजाब प्रांत पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज के नेतृत्व वाली पीएमएल (एन) सरकार द्वारा शासित है।

# प्रस्तावित आरओबी से प्रभावित व्यापारियों व डॉक्टर्स को विधायक ने दिया हितों को ध्यान रखने का आश्वासन

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** हापुड़ रोड स्थित रेलवे फाटक पर प्रस्तावित आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) की योजना के विरोध में दो दिन पहले क्षेत्र के व्यापारियों व डाक्टर्स के धरना प्रदर्शन व बाजार बंद किये जाने के बाद पालिका प्रशासन व क्षेत्रीय विधायक हरकत में आ गये। जिसके चलते शुक्रवार को विधायक व पालिकाध्यक्ष ने क्षेत्र के व्यापारियों व डॉक्टर्स के साथ पालिका सभागार में एक बैठक कर उन्हें उनके हितों को ध्यान में रखते हुये आरओबी के निर्माण का आश्वासन दिया।



बताते चले कि हापुड़ रोड़ रेलवे फाटक पर आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) की योजना प्रस्तावित है। हापुड़ रोड़ से लेकर मेरठ-दिल्ली मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में व्यापारियों के प्रतिष्ठान है। गतदिनों इन प्रतिष्ठानों को अपनी भूमि के समस्त अभिलेख पालिका व संबन्धित विभाग में जमा करायें जाने के लिये नोटिस भी जारी किये जा चुके है। इसके बाद से व्यापारी खासे परेशान व संशय में है। दरसल, यंहा व्यापार करने वाले कुछ व्यापारी तो वर्षों से किरायें पर रहते चले आ रहे तो वही कुछ व्यापारियों के अपने प्रतिष्ठान है। उनके सामने आरओबी के निर्माण व दुकानों के तोड़ने जाने के बाद से रोजी रोटी का संकट पैदा हो जायेंगा। उनका कहना है कि जो व्यापारी वर्षों से किराये पर रहते चले आ रहे है सरकार उनको मुआवजे की राशी नही देंगी और ना ही उनका कोई ठिकाना ही रहेंगा।

इन सब समस्याओं को लेकर वीरवार को सैकड़ों व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रख दुकानों के सामने काला बैनर लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था और प्रशासन से समस्या के निस्तारण के साथ ही बर्तमान में जारी आरओबी मानचित्र पर अपनी असंतुष्टि जाहिर की है। इसके सापेक्ष में शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ0 मंजू शिवाच व पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली उर्फ जाटव ने हापुड़ रोड व दिल्ली- मेरठ रोड पर आरओबी के निर्माण से प्रभावित होने वाले व्यापारियों व डॉक्टर्स के साथ एक बैठक की। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उन्हें विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने आश्वस्त किया कि आरओबी के निर्माण से किसी को भी प्रभावित नही होने दिया जायेंगा। उनके द्वारा हर व्यक्ति के हितों को ध्यान में रखा जायेंगा।

विधायक ने कहा कि आरओबी के निर्माण से क्षेत्र का विकास होगा और व्यापार को भी गति मिलेंगी। जिन लोगों को प्रभावित होने की आशंका है उनके हितों को भी ध्यान में दखा जायेंगा। बैठक में एसडीएम डॉ0 पूजा गुप्ता, ईओ नरेन्द्र मोहन मिश्र, राजस्व निरीक्षक अंकित चैधरी व सेतु निगम के अधिकारीगण, आदि मौजूद रहे।

# दहेज के लिए पति ने पत्नी पर किया हमला देवर ने की छेड़छाड़

## पांच के खिलाफ केस दर्ज

**हापुड़।** हापुड़ के थाना कपूरपूर क्षेत्र के गांव बझेड़ा कला निवासी विवाहिता से मेरठ के थाना भावनपुर के गांव ज्ञानपुर में एक महिला के साथ दहेज और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति, सास, ससुर, देवर और नंद के खिलाफ थाना कपूरपुर में शिकायत दर्ज कराई है। कमरे में घुसकर की छेड़छाड़ पीड़िता मनतसा का निकाह 5 मई 2024 को खालिद से हुआ था। निकाह में पीड़िता के परिवार ने 10 लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण दिए थे। इसके बावजूद ससुराल वाले गाड़ी की मांग कर रहे थे। 28 जनवरी की रात को जब पीड़िता अपने कमरे में अकेली सो रही थी, तब देवर कादिर ने कमरे में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की और कपड़े फाड़ दिए।




अस्पताल में कराया भर्ती पीड़िता के शोर मचाने पर पति, सास और नंद आए, लेकिन उन्होंने उसका फोन छीन लिया। अगले दिन जब फोन मिला तो पीड़िता ने अपने पिता को घटना की जानकारी दी। इस बात से नाराज पति ने धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता को उसके परिवार वालों ने धौलाना के सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया।

मामले की जांच कपूरपर थानाध्यक्ष अवनीश कुमार शर्मा ने बताया कि पति खालिद, सास नन्नी, ससुर फैजल हसन, देवर कादिर और नंद मुस्कान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेम में पागल युवक ने युवति की अश्लील फोटो वायरल करने की दी धमकी

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक तरफा प्यार के चलते युवती के शादी से इंकार करने पर सिरफिरे युवक ने युवती की फोटो से छेड़छाड़ कर उसकी अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी है। पीड़िता व उसके परिजन दहशत में हैं। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से शिकायत कर आरोपी पक्ष के खिलाफ कार्यवाही की मांग की हैं। एक गांववासी (23) वर्षीय युवती गत तीन वर्ष से मोदीनगर स्थित एक संस्थान में बतौर रिसेप्शनिस्ट काम करती रही है। युवती के अनुसार कुछ महीने पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी मोदीनगर के एक युवक से पहचान हो गई। कुछ दिन बाद पहचान दोस्ती में बदल गई। दोनों के बीच तस्वीरें आदि का आदान-प्रदान भी होने लगा। बाद में युवती को पता चला कि उक्त युवक आपराधिक प्रवर्ति का है और उस पर कई मुकदमें भी दर्ज है। यह पता चलने पर युवती ने उक्त युवक से संबंध खत्म कर दिया। पीड़िता के परिजनों ने उसका विवाह भी तय कर दिया है। आरोप है कि उक्त युवक अब पीड़िता पर शादी करने के लिए दबाव बन रहा है।

## पुलिस-बदमाशों के बीच मुठभेड़

# बिग बास्केट के पूर्व कर्मचारियों समेत 6 बदमाश गिरफ्तार



**नोएडा।** सेंट्रल नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में बिग बास्केट स्टोर में चोरी करने वाले 6 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। घटना ऐस सिटी गोल चक्कर की है, जहां पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। एक सफेद टोयोटा एल्टिस कार को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन कार सवार भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दो बदमाशों को घायल कर गिरफ्तार किया, जबकि अन्य 4 को कॉम्बिंग के दौरान पकड़ा गया। गिरफ्तार बदमाशों में अजीत कुमार,

## दो को लगी गोली

विशाल, देशराज उर्फ लुक्का, धीरज, मोहित और संदीप कुमार शामिल हैं। इनके पास से 5 एप्पल स्मार्टफोन, 2 एप्पल स्मार्ट वॉच, 1 एप्पल ईयरबड्स, एक ग्राइंडर कटर, दो तमंचे और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की गई है। सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी के अनुसार, अजीत और मोहित पहले बिग बास्केट स्टोर में कार्यरत थे। दिसंबर 2024 में नौकरी से निकाले जाने के बाद बदले की भावना से उन्होंने अपने साथियों के साथ स्टोर में चोरी की। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ग्रेटर नोएडा की सोसाइटी में दहशत

# इको विलेज वन में दबंगों ने गार्ड से की मारपीट

**नोएडा।** बिसरख थाना क्षेत्र स्थित इको विलेज वन सोसायटी में बृहस्पतिवार की देर रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। सोसायटी के मेन गेट पर तैनात गार्ड पीयूष के साथ 4-5 दबंगों ने जमकर मारपीट की। आरोपी सोसायटी में घुसकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पूरी घटना सोसायटी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। पीड़ित पीयूष के मुताबिक, वह गेट पर ड्यूटी कर रहे थे, तभी कुछ अज्ञात लोग आए और बिना किसी कारण के उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि वह इन हमलावरों को पहले से नहीं जानते हैं। घटना के बाद उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस



घटना ने सोसायटी के निवासियों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर सोसायटी के मेन गेट पर ही इस तरह की घटनाएं होंगी, तो आम लोगों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। घटना के बाद कई निवासी एकत्र हुए और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

# वार्ड-74 में कराये गये हैं विकास कार्य : पार्षद नरेश भाटी

## वार्डवासियों ने कहा एक्टिव है हमारे पार्षद, करते हैं काम

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के वार्ड-74 वसुंधरा भाजपा पार्षद नरेश भाटी ने विकास कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ी है। नरेश भाटी ने पार्षद बनने के बाद अपने अधिकतर वादों को पूरा किया है। पार्षद ने बच्चों के खेलने के लिए पार्कों में ओपन जिम, हाई मास्क स्ट्रीट, सोलर लाइट, बॉस्केटबॉल, वॉलीबॉल व वार्ड के अधिकतर पार्क, सडकों, बरसाती नाले का निर्माण करवाया है। पार्षद ने कहा कि वार्ड-74 वसुंधरा में स्ट्रीट लाइटें और सोलर लाइटें लगवाईं हैं। यहां की सड़कों का निमार्ण कराया गया है और बच्चों और बुजुर्गो के लिए पार्क का सौंदर्य करण करवाया गया है।



सीवरेज की लाइन डाली है और शौचालय का निर्माण कार्य हो रहा है। यहां बरसाती नाले का निर्माण कार्य कराया गया। पार्कों में ओपन जिम, स्ट्रीट लाइटे लगवाई हैं। इसके साथ ही कई पार्कों मे लगे पंप लगवाये गये हैं। सेक्टर 17 निवासी निधि के कहा कि हमारा वार्ड विकास कार्य में सबसे आगे है। लोगों की जो भी मांग थी वह पार्षद ने पूरी की है। उन्होंने हर कार्य किए हैं। लोगों की शिकायत से पहले काम किए हैं। कुछ काम अभी चल रहे हैं। सेक्टर 17 आरडब्लूए अध्यक्ष कपिल शर्मा ने कहा कि वार्ड में विकास के कई कार्य हुए। पार्षद नरेश भाटी ने अपने वार्ड में बहुत अच्छा काम किया है। लोग इन कामों से बहुत खुश हैं। सेक्टर 13 यूएनआई आरडब्लूए अध्यक्ष नरेश बंसल ने कहा कि पार्षद नरेश भाटी ने लोगों की हर मांग को पूरा किया है। यहां की समस्याओं को हल कर लोगों को सुविधा प्रदान की है। पार्षद ने इस वार्ड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एलआईसी सोसायटी के आरडब्लूए अध्यक्ष जेपी पोखियाल ने कहा कि पार्षद ने लोगों को कभी भी शिकायत का मौका नहीं दिया है। वे लोगो की सेवा में हमेशा आगे रहते हैं। लोगो के साथ राजनीतिक भावना से बात नहीं की। वे सिर्फ समाजसेवी के रूप में कार्य करते आ रहे है।

# चौथे दिन भी विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का धरना जारी




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) का तहसील में चैथे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना सुचारू रूप से जारी रहा है शुक्रवार को भाकियू के पदाधिकारी व क्षेत्र के किसानों की एक पंचायत हुई, जिसमें शनिवार को तहसील से शुगर मिल तक पैदल यात्रा की रणनीति बनाई गई और क्षेत्र के किसानों से अपील की गई शनिवार को पैदल यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पंहुचे। पंचायत में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष देवव्रत धामा, युवा प्रदेश अध्यक्ष विनीत त्यागी, जिलाध्यक्ष अरुण कसाना, युवा जिला अध्यक्ष आसु त्यागी, गौरव त्यागी, अमजद खान, संजय त्यागी, रोहित त्याग,ए मोहसिन खान, इरफान ठेकेदार, ताहिर, फिरोज खान, रिंकू त्यागी, हैप्पी त्यागी आदि मौजूद रहे।

# गौ सेवा ही जगत कल्याण का एकमात्र साधन है: गुरु माँ मंजू भारद्वाज

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** संजय नगर रामलीला मैदान में आगामी 2 फरवरी को गौ सेवा राष्ट्रीय रोटी बैंक (ट्रस्ट) के तत्वावधान में आयोजित 21 निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम से पूर्व आयोजित गौ कथा कार्यक्रम में कथावाचक गुरु माँ मंजू भारद्वाज द्वारा गौ कथा में आए श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया गया। मंजू भारद्वाज ने वहां उपस्थित महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों से गौ माता की सेवा करने का आह्वान किया और कहा कि कलयुग में गौ सेवा से ही जगत का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि जो गौ माता की सेवा करता है वह जन्म-जन्म तक सुख पाता है। गौ माता के अंदर 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है। इसलिए हर घर में गौमाता रखनी चाहिए। उन्होंने सभी गौ भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में कथा सुनने के लिए आने की अपील की। गौ कथा में भारी संख्या में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं गौ कथा सुनते हुए भाव विभोर हो गए और सभी के द्वारा गौ माता के जयकारे लगा कर गौ सेवा का संकल्प लिया गया।




इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्गा वाशिंग पाउडर के चैयरमैन प्रेमचंद गुप्ता, स्थानीय पार्षद पप्पू नगर, ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज शर्मा, समाजसेवी संजीव चौधरी, मीडिया प्रभारी अनुज राघव, समाजसेवी रविंद्र सिंह राणा, सतपाल सिंह देशवाल, झम्मन चौधरी, किरणपाल सिंह तेवतिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, महासचिव मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष प्रभा शर्मा व अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# दिल्ली में स्पष्ट बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार भूपेंद्र उपाधयाय



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा पार्षद भूपेंद्र उपाधयाय ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दिल्ली के चुनाव में भाजपा की स्पष्ट बहुमत से सरकार बनेगी और झूठ व लूट की बुनियाद पर टिकी आप पार्टी का सूपड़ा साफ होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते देख एवं आप की करारी हार से अरविंद केजरीवाल बौखला गए है। और अनापशनाप बयानबाजी कर जनता को गुमराह कर रहे हैं, लेकिन दिल्ली की जागरूक जनता केजरीवाल के बहकावे में नहीं आऐगी और वोट की चोट पर दिल्ली से आप का सफाया कर भाजपा सरकार बनाने का काम करेगी।




# फिर सबसे यूनिक दिखेगा एसीपी का ऑफिस

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में ढेर दर्जन के आसपास एसीपी अधिकारी हैं। कोई अपनी वर्किग के लिए पहचान रखता है तो कोई अपनी पहचान बना रहा है। तो वही एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यालय की चर्चा हमेशा रहती है लेकिन एक एसीपी ऐसे भी हैं, जिनके ऑफिस को कमिश्नरेट में यूनिक ऑफिस कहा जाता है। पहले वह जिस भी सर्किल में रहे उस ऑफिस की शक्ल और सूरत बदली ही जाती है। सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही उनके नए सर्किल वाले एसीपी कार्यालय की भी तस्वीर बदली हुई नजर आएगी। सुनने में आ रहा है कि जल्द उनके ऑफिस को हाईटेक अंदाज में तब्दील किया जाएगा, तो वही साफ-सफाई और आने वाले आगंतुकों से लेकर फरियादियों के लिए भी अन्य व्यवस्था की जाएगी। वह पूर्वाचल से ताल्लुक रखते हैं ,तो पानी देने के अंदाज से लेकर चाय भी अलग दस्तरखान के साथ परोसी जाएगी। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम ही नहीं प्रदेश में अपनी अलग वर्किंग स्टाइल की पहचान रखने वाले एसीपी के कार्यालय का नजारा भी जल्द बदलने वाला होगा ।



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि एसीपी का बीते दिनों सिटी वाले सर्किल में तबादला हुआ था। तबादला होने के बाद उन्होंने उसी दिन चार्ज ले लिया था, इसके बाद अपनी वर्किंग भी शुरू कर दी, पर उनको कार्यालय कंफर्टेबल नहीं लग रहा था ,इसीलिए वहां पर कुछ फेरबदल करने का काम शुरू करने के निर्देश दे दिए गए हैं। जानकारी मिली है कि अगले कुछ दिन में ही सिटी वाले उसे सर्किल का एसीपी कार्यालय बदला बदला नजर आएगा। वहां वर्किंग पहले की तरह फाइन और व्यवस्था भी वेलमेंटेन करने का काम नजर आएगा। तो घड़ी से लेकर समान व उनको रखने का इंतजाम और अंदाज भी बदला हुआ नजर आएगा। कुल मिलाकर हर अधिकारी का अपना एक अंदाज और स्वभाव होता है। इन वाले एसीपी साहब के लिए कहा जाता है कि यह जिस भी सर्किल में जाते हैं, वहां का कार्यालय और कार्यालय में काम करने वालों का वर्किंग स्टाइल सुधारते हैं। साथ ही स्वच्छता से लेकर लोगों की प्रमुखता का भी ध्यान रखा जाता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अब तक तीन एसीपी कार्यालय की कायाकल्प करने वाले एसीपी का जल्द ही नया कार्यालय भी बदला हुआ नजर आएगा।

# समाजवादी पीडीएम पंचायत का आयोजन



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** समाजवादी पीडीएम पंचायत का आयोजन गुरूवार की सांय भूपेंद्रपुरी में हुआ जिसमे पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा कि पीडीए उत्तर प्रदेश का ही नहीं पूरे देश का आंदोलन बन चुका है, हमारा उद्देश्य है कि पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक व आदिवासी आदि आबादी पिछड़ा स्वर्ण को उसका पूरा हक और सम्मान मिले। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने की। संचालन नगर अध्यक्ष सचिन दीक्षित ने किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाये। जिला उपाध्यक्ष पं0 सत्येंद्र शर्मा ने शिक्षा रोजगार सुरक्षा और सामाजिक न्याय को लेकर चर्चा की। नगर अध्यक्ष सचिन दीक्षित ने पार्टी की गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर समाजवादी यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष अमानत चैधरी, जिला सचिव खालिद, शहर उपाध्यक्ष दिनेश प्रधान, कोषाध्यक्ष जानी चैधरी, सचिव ऋषि शर्मा, वेद प्रकाश, राजू, राजेश जाटव, उदयवीर सिंह, जफर सैफी, देव कुमार, अनिरुद्ध, कपिल, गोलू, मुख्तियार सिंह व अशोक बुधन आदि मौजूद रहें।

# हापुड़ में नई गौशालाओं का होगा निमार्ण

## गौवंश संरक्षण की बड़ी पहल, 36 गौशालाओं की समीक्षा में सीडीओ ने दिए सख्त निर्देश

**हापुड़।** निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले की सभी 36 गौशालाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। सीडीओ ने सभी नोडल अधिकारियों, पशु चिकित्साधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को गौशालाओं में पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोवंशों के लिए हरा चारा, भूसा और चोकर की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने एक महत्वपूर्ण चेतावनी देते हुए बताया कि गोवंशों को पराली खिलाने से डगनाला जैसी बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पराली का उपयोग केवल बिछावन के लिए किया जाना चाहिए। शेखपुर खिचरा में निमार्णाधीन नए वृहद गौ संरक्षण केंद्र के कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। स्वयंसेवी संस्थाओं को गोबर से लट्ठे बनाने और दानदाताओं से सहयोग प्राप्त कर गौशालाओं का विकास करने को कहा गया।





जिले में बढ़ती निराश्रित गोवंशों की संख्या को देखते हुए सीडीओ ने सभी खंड विकास अधिकारियों और नगर पालिका परिषद हापुड़ को नई गौशालाओं के निर्माण के लिए भूमि प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायतराज अधिकारी, आबकारी अधिकारी, कृषि अधिकारी, खनन अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. ओ.पी. मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एनटीएसबी हादसे रोकने के उपाय करेगी
# महिला अधिकारी जेनिफर का वादा- जांच में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

हमने दोनों पक्षों के कई कांग्रेस सदस्यों से बात की है, इसलिए मैं कह सकती हूं कि यह सरकार का एक बड़ा प्रयास है। मैं घटनास्थल पर मौजूद बचाव कर्मियों का धन्यवाद करती हूं। उनका प्रयास वास्तव में अद्भुत रहा है। – होमेंडी



**अर्लिंगटन ।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में विमान और हेलीकॉप्टर के बीच हुई टक्कर की राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) जांच कर रहा है। बोर्ड की अध्यक्ष जेनिफर होमेंडी ने कहा कि हम इस जांच में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हम इस पूरी त्रासदी की गहन जांच करने जा रहे हैं। वहीं, बोर्ड सदस्य टॉड इनमैन ने कहा कि हमारी जांच टीम तब तक घटनास्थल पर रहेगी, जब तक सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य और संभावित कारणों को समझने के लिए जरूरी तथ्य नहीं मिल जाते। उन्होंने कहा कि हमारा मिशन यह जानना है कि क्या हुआ, यह क्यों हुआ, और इसे दोबारा होने से रोकने के लिए क्या बदलाव किए जा सकते हैं।

एनटीएसबी अध्यक्ष होमेंडी ने रोनाल्ड रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पीएसए एयरलाइंस के बॉम्बार्डियर CRJ700 विमान और सिकोरस्की H-60 सैन्य हेलीकॉप्टर के बीच टक्कर में जान गंवाने वाले लोगों के प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारी प्रार्थनाएं अपके साथ हैं। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए यहां हैं कि हम इस जांच में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हम इस पूरी घटना की गहन जांच करेंगे। हमारे पास मुख्यालय में संसाधनों के अलावा, घटनास्थल पर लगभग 50 लोग हैं।

होमेंडी ने कहा, 'हमने दोनों पक्षों के कई कांग्रेस सदस्यों से बात की है, इसलिए मैं कह सकती हूं कि यह सरकार का एक बड़ा प्रयास है। मैं घटनास्थल पर मौजूद बचाव कर्मियों का धन्यवाद करती हूं। उनका प्रयास वास्तव में अद्भुत रहा है।' एनटीएसबी के सदस्य इनमैन ने बताया कि वे 30 दिनों के भीतर एक प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार करेंगे। अंतिम रिपोर्ट तब जारी की जाएगी, जब सभी तथ्य-खोज और जांच पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि एनटीएसबी की जांच में कंपनियां, सरकारी एजेंसियां और कर्मचारी भी शामिल हो सकते हैं, जो हादसे से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि जांच में शामिल होने के बाद किसी को भी एनटीएसबी की अनुमति के बिना दस्तावेज सार्वजनिक करने का अधिकार नहीं होगा। जांच के बारे में एनटीएसबी ही जानकारी देगाः इनमैन टॉड इनमैन ने कहा कि हादसे की जांच के बारे में जानकारी केवल एनटीएसबी ही जारी करेगा। हताहतों के बारे में वाशिंगटन डीसी के मेडिकल परीक्षक जानकारी देंगे। इनमैन ने कहा कि वे मृतकों के नामों पर चर्चा नहीं करेंगे, बल्कि तथ्यों का विश्लेषण करेंगे और हादसे के संभावित कारणों का पता लगाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद रिपोर्ट जारी की जाएगी और बाद में, वे परिवारों को जानकारी देंगे।

# काश पटेल ने दिखाए अपने हिंदू संस्कार, सीनेट की सुनवाई से पहले माता-पिता के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**वॉशिंगटन ।** डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल के काश पटेल को संघीय जांच एजेंसी एफबीआई का नया निदेशक नियुक्त किया है। काश पटेल भले ही अब अमेरिकी नागरिक हैं, लेकिन वे अपने भारतीय संस्कार नहीं भूले हैं। इसकी झलक उस वक्त देखने को मिली, जब गुरुवार को सीनेट में उनकी नियुक्ति की पुष्टि के लिए बैठक हुई और उस बैठक से पहले काश पटेल ने अपने माता-पिता के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है।



### जय श्री कृष्णा के साथ शुरूआत

काश पटेल ने सीनेट की सुनवाई की शुरूआत भी भगवान का नाम लेकर की। काश पटेल ने जय श्री कृष्णा कहकर सबसे पहले अभिवादन किया और फिर कहा कि 'मैं अपने पिता प्रमोद और मां अंजना का स्वागत करना चाहूंगा, जो आज यहां बैठे हैं। वे भारत से यहां आए हैं। मेरी बहन भी यहां मेरे साथ रहने के लिए महासागर पार करके आई है। आप लोगों का यहां होना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। जय श्री कृष्णा।

काश पटेल ने सुनवाई के दौरान कहा कि 'जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुझे एफबीआई के निदेशक के रूप में नामित करने के अपने इरादे के बारे में बताया, तो मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा था।' उन्होंने कहा कि 'आज यहां बैठकर, मैं न केवल अपने माता-पिता के सपनों को लेकर चल रहा हूं, बल्कि उन लाखों अमेरिकियों की उम्मीदों को भी लेकर चल रहा हूं जो न्याय, निष्पक्षता और कानून के शासन के लिए खड़े हैं।'

**एफबीआई मुख्यालय को बंद करने की बात कह चुके हैं काश पटेल :** ीनेट की न्यायिक समिति के सामने सुनवाई के दौरान काश पटेल को कड़े सवालों का सामना करना पड़ा। खासकर कैपिटल हिल दंगे को लेकर सीनेटर्स ने काश पटेल से कई मुश्किल सवाल पूछे। काश पटेल को डोनाल्ड ट्रंप का करीबी माना जाता है। एफबीआई को लेकर दिए बयानों को लेकर चर्चा में भी खूब रहे।

# भारतीय अप्रवासी की बेटी की भी मौत, एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहा था पति, पल में छिनीं खुशियां

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में बुधवार की रात को वाशिंगटन के पास रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय एक यात्री विमान सेना के एक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। यह टक्कर इतना खतरनाक था कि विमान और हेलीकॉप्टर दोनों नदीं में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हालांकि, इस हादसे में किसी के जिंदा होने की उम्मीद नहीं है। एक मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मारे गए सभी 67 लोगों में भारतीय अप्रवासी की बेटी असरा हुसैन रजा भी शामिल हैं। बता दें कि यह अमेरिका में 2001 के बाद से सबसे घातक विमान हादसा है।

26 वर्षीय असरा हुसैन रजा मृतकों में शामिल है, उनके ससुर डॉ. हाशिम रजा ने इसकी जानकारी दी।



भारतीय अप्रवासी की बेटी ने 2020 में इंडियाना यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2023 में अपने कॉलेज प्रेमी से शादी कर ली। असरा रजा वॉशिंगटन डीडी स्थित सलाहकार थीं, जो एक अस्पताल के टर्नअराउंड प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए महीने में दो बार विचिता जाती थी। असरा के पति हमाद रजा ने भी इस हादसे पर मीडिया से बात की। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी ने उन्हें मैसेज किया था कि वह उतरने वाली है, लेकिन जब तक वे अपनी पत्नी को लेने हवाईअड्डे पहुंचते, उससे पहले ही उनकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई।

### पति ने सुनाई अपनी दास्तां

हमाद रजा ने बताया, ₹उसने (असरा) कहा कि वह 20 मिनट में उतरने वाली है।₹ यह आखिरी समय था जब उन्होंने अपनी पत्नी से बात की। हमाद ने कहा, ₹मैं इंतजार कर रहा था और मैंने ईएमएस वाहनों के एक समूह को तेजी से अपने पास से गुजरते हुए देखा। यह सामान्य से बहुत अधिक था। इसके साथ ही मेरा मैसेज भी असरा के पास नहीं जा रहा था। जो हमारे साथ हुआ।

# 21 साल से कम उम्र के युवाओं को बंदूक बेचने पर प्रतिबंध लगाना असंवैधानिक, अमेरिकी अदालत का आदेश

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की एक अदालत ने कहा है कि 21 साल से कम उम्र के युवाओं को बंदूक बेचने पर प्रतिबंध लगाना असंवैधानिक कदम है। अमेरिकी अदालत का यह फैसला संघीय कानून के खिलाफ है, जिसके तहत युवाओं को हैंडगन खरीदने के लिए कम से कम 21 साल का होना जरूरी है। अदालत का कहना है कि संघीय कानून अमेरिकी संविधान के दूसरे संशोधन का उल्लंघन करता है। अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स में 5वें अमेरिकी सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने गुरुवार को यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने पाया कि 18 से 20 वर्ष की आयु के लोगों को बंदूक खरीदने से प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए। न्यायालय ने अपने फैसले में लिखा, 'दूसरे संशोधन



में अठारह से बीस वर्ष की आयु के लोगों को शामिल किया गया है, जिन्हें हथियार रखने का अधिकार दिया गया है।' इस फैसले के बाद मामला निचली अदालत के न्यायाधीश के पास वापस चला गया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने एक फैसले में कहा है कि हथियार रखने पर प्रतिबंध लगाते हुए, देश की ऐतिहासिक परंपराओं का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।मिनेसोटा, वर्जीनिया और टेक्सास जैसे राज्यों की अदालतों ने भी इसी आधार पर संघीय कानून को रद्द कर दिया था।

# हिंदू धर्म के खिलाफ धार्मिक कट्टरता बढ़ाने की साजिश, डेमोक्रेट्स पर बरसीं ट्रंप समर्थक भारतवंशी

**वॉशिंगटन ।** पूर्व कांग्रेस सदस्य तुलसी गबार्ड ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि डेमोक्रेटिक सीनेटर हिंदुओं और हिंदू धर्म के खिलाफ धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। यह बयान उन्होंने सीनेट चयन समिति के सामने दिया। गौरतलब है कि अमेरिकी प्रशासन में नियुक्ति की परंपरा के तहत नामित पदाधिकारियों को सीनेट समितियों के समक्ष उपस्थित होकर सांसदों की तरफ से पूछे जाने वाले सवालों के जवाब देने होते हैं।

बता दें कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के पद पर नियुक्त किया है। यह पद सीआईए और एफबीआई सहित अमेरिकी सरकार की सभी खुफिया एजेंसियों की देखरेख करता है। इस पद के लिए ट्रंप द्वारा नामित किए जाने के बाद, गबार्ड को उनके कई विरोधियों ने उनके हिंदू धर्म के लिए आड़े हाथों लिया है। प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी जाने वाली पहली हिंदू अमेरिकी हैं गबार्ड 43 वर्षीय गबार्ड ऐसी पहली हिंदू अमेरिकी हैं, जिन्हें प्रतिनिधि सभा के लिए चुना गया था। उन्होंने कहा कि कुछ डेमोक्रेट सीनेटरों ने पहले भी राष्ट्रपति ट्रंप के न्यायिक नामांकितों जैसे एमी कोनी बैरेट और ब्रायन बुशर के खिलाफ ईसाई विरोधी कट्टरता का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा, 'मैंने उस समय कांग्रेस में एक डेमोक्रेट के रूप में उन कार्यों की निंदा की थी, क्योंकि धार्मिक कट्टरता की हम सभी को पूरी तरह से निंदा करनी चाहिए, चाहे वह किसी भी धर्म का हो।' संविधान के अनुच्छेद 6 को नहीं समझते हैं डेमोक्रेट सीनेटरः गबार्ड ने कहा कि दुर्भाग्य से, कुछ डेमोक्रेट सीनेटर अभी भी धर्म की स्वतंत्रता के सिद्धांत और संविधान के अनुच्छेद 6 को नहीं समझते हैं, जिसमें कहा गया है कि अमेरिका के किसी भी सरकारी पद के लिए धार्मिक परीक्षण की आवश्यकता नहीं होगी।


**हिंदू धर्म के बारे में अधिक जानने वाले मेरे एक्स अकाउंट पर जा सकते हैं:** गबार्ड तुलसी गबार्ड ने कहा कि डेमोक्रेट एक बार फिर धार्मिक कट्टरता का कार्ड इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन इस बार हिंदुओं और हिंदू धर्म के खिलाफ धार्मिक कट्टरता को भड़काने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को हिंदू धर्म के बारे में अधिक जानने में रुचि है, तो वे मेरे सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर जा सकता है, जहां मैं इस विषय पर अधिक जानकारी साझा करूंगी।



**हाल ही में डेमोक्रेट से रिपब्लिकन सदस्य बनी हैं गबार्ड :** बता दें कि भारतवंशी गबार्ड चार बार कांग्रेस की सदस्य रह चुकी हैं। उन्होंने मध्य पूर्व और अफ्रीका के युद्ध क्षेत्रों में भी अपनी सेवाएं दी हैं। वह हाल ही में डेमोक्रेट से रिपब्लिकन सदस्य बनी हैं। अक्तूबर 2022 में उन्होंने डेमोक्रेट खेमा छोड़कर निर्दलीय प्रत्याशी बनने की घोषणा की थी। अगस्त, 2024 में तुलसी ने ट्रंप को औपचारिक समर्थन देने का एलान किया था।

# ग्रीनलैंड खरीदने में ट्रंप की दिलचस्पी कोई मजाक नहीं, विदेश मंत्री रूबियो ने किया राष्ट्रपति का समर्थन

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ग्रीनलैंड को खरीदने की बात का विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने समर्थन किया है। मार्को रूबियो ने कहा कि ग्रीनलैंड को खरीदने में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दिलचस्पी कोई मजाक नहीं है। ग्रीनलैंड का अधिग्रहण अमेरिका के राष्ट्रीय हित में है और इस मुद्दे को सुलझाने की जरूरत है।



एक कार्यक्रम में रूबियो ने कहा कि ट्रंप ग्रीनलैंड को खरीदना चाहते हैं और उन्होंने इसे खरीदने के लिए सैन्य दबाव बनाने से इनकार नहीं किया है। यह कोई मजाक नहीं है। यह केवल भूमि अधिग्रहण का मामला नहीं है। बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय हित में है और इसे हल करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि आर्कटिक अब महत्वपूर्ण नौवाहन मार्ग बनने जा रहा है और अमेरिका इस मार्ग की रक्षा करने के लिए सक्षम है। क्योंकि अमेरिका का प्रतिद्वंदी चीन यहां अपनी उपस्थिति को बढ़ाने की कोशिश करना चाहता है। रूबियो ने कहा ग्रीनलैंड का मालिक बनना राष्ट्रपति की प्राथमिकता है और उन्होंने इसे कई बार स्पष्ट किया है। अभी हम स्थिति में नहीं हैं कि हम इस पर चर्चा कर सकें कि हम आगे कैसे बढ़ेंगे। लेकिन यह तय है कि अब से चार साल बाद आर्कटिक में हमारा हित अधिक सुरक्षित होगा।

# ट्रंप ने एक बार फिर ब्रिक्स देशों को चेताया कहा डॉलर का साथ छोड़ा तो लगेगा 100 फीसदी टैरिफ

**वॉशिंगटन :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ब्रिक्स देशों को अमेरिकी डॉलर की बजाय दूसरी मुद्रा अपनाने पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर ब्रिक्स देश दूसरी मुद्रा अपनाएंगे तो अमेरिका उनका साथ छोड़ देगा।

ट्रंप ने लिखा कि यह विचार है कि ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि हम खड़े होकर देखते हैं, खत्म हो चुका है। हमें इन शत्रुतापूर्ण देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे, अन्यथा उन्हें 100% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। उन्हें शानदार अमेरिकी अर्थव्यवस्था में नई मुद्रा को बेचने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। वे किसी अन्य बेवकूफ देश की तलाश कर सकते हैं।



ट्रंप ने कहा कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय व्यापार में या कहीं और अमेरिकी डॉलर की जगह ले लेगा। जो भी देश ऐसा करने की कोशिश करेगा, उसे टैरिफ को नमस्ते कहना चाहिए और अमेरिका को अलविदा कहना चाहिए।

पहले भी चेतावनी दे चुके हैं ट्रंप ट्रंप ब्रिक्स देशों को पहले भी चेतावनी दे चुके हैं।

पिछले सप्ताह ओवल ऑफिस में अपने हस्ताक्षर समारोह के दौरान मीडिया से बात करते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि अगर ब्रिक्स देश ऐसा करना चाहते हैं, तो ठीक है, लेकिन हम संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ उनके व्यापार पर कम से कम 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने जा रहे हैं। यह कोई धमकी भी नहीं है।

ट्रंप ने कहा कि उनके बयान को धमकी के रूप में नहीं बल्कि इस मुद्दे पर एक स्पष्ट रुख के रूप में देखा जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस मामले में अपने पूर्ववर्ती बाइडन की टिप्पणियों का भी संदर्भ दिया। बाइडन ने संकेत दिया था कि अमेरिका इस मामले में कमजोर स्थिति में है। ट्रंप ने इस पर असहमति जताई और जोर देकर कहा कि अमेरिका का ब्रिक्स देशों पर प्रभाव है और वे अपनी योजनाओं को आगे नहीं बढ़ा पाएंगे।

### ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ

ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने से पहले, ब्रिक्स देशों को सभी आयातों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी।

# तरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स ने स्पेसवॉक का रिकॉर्ड बनाया, मार्च में हो सकती है वापसी

**वॉशिंगटन ।** भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने सबसे ज्यादा स्पेसवॉक का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने यह जानाकारी दी। नासा ने बताया कि सुनीता विलियम्स ने पूर्व अंतरिक्षयात्री पेगी व्हिटसन का सबसे ज्यादा स्पेसवॉक करने का रिकॉर्ड तोड़ा है। पेगी व्हिटसन ने 60 घंटे 21 मिनट तक स्पेसवॉक करने का रिकॉर्ड बनाया था।

**नासा ने सुनीया विलियम्स की उपलब्धि की दी जानकारी :** नासा ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि 'नासा की अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स ने पूर्व अंतरिक्षयात्री पेगी व्हिटसन के कुल स्पेसवॉक के 60 घंटे 21 मिनट के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। सुनीता विलियम्स अभी भी अंतरिक्ष में बाहर हैं और रेडियो कम्युनिकेशन हार्डवेयर को हटा रही हैं।' सुनीता विलियम्स का स्पेसवॉक एक्सपीडिशन 72 का हिस्सा है, जो सुबह करीब 8 बजे शुरू हुआ। नासा



ने इस स्पेसवॉक की लाइव स्ट्रीमिंग की। यह अमेरिका का 92वां स्पेसवॉक है।

**अब तक नौ बार स्पेसवॉक कर चुकीं सुनीता विलियम्स :** सुनीता विलियम्स अब तक कुल नौ बार स्पेसवॉक कर चुकी हैं। सुनीता के साथ ही उनके सह-अंतरिक्षयात्री बुच विल्मोर ने भी स्पेसवॉक किया। यह विल्मोर का पांचवां स्पेसवॉक है। यह स्पेसवॉक करीब साढ़े छह घंटे चलेगा। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर बीते साल 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पहुंचे थे। हालांकि दोनों बोइंग के स्टारलाइनर यान में तकनीकी खराबी के चलते धरती पर तय समय पर वापस नहीं आ सके और अब दोनों को मार्च के अंत में स्पेसएक्स के अंतरिक्षयान से धरती पर लाया जाएगा।

हाल ही में स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने कहा कि 'राष्ट्रपति ने स्पेसएक्स से कहा है कि जो दो अंतरिक्षयात्री अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर फंसे हुए हैं, उन्हें जल्द से जल्द वापस लाया जाए। हम ऐसा ही करेंगे लेकिन बाइडन सरकार ने दोनों को लंबे समय के लिए अंतरिक्ष में छोड़ दिया।' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी एक अन्य पोस्ट में लिखा कि मैंने स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क से कहा है कि 'वे दोनों बहादुर अंतरिक्षयात्रियों को वापस लेकर आएं, जिन्हें बाइडन सरकार ने बेसहारा छोड़ दिया था। वे कई महीनों से स्पेस स्टेशन पर इंतजार कर रहे हैं।

# अमेरिकी सरकार में आंतरिक सचिव बने डग बर्गम

**वॉशिंगटन ।**अमेरिकी सीनेट ने आंतरिक सचिव के रूप में उत्तरी डकोटा के अरबपति डग बर्गम को चुना है। सीनेट में हुए मतदान के दौरान बर्गम को 79-18 वोट मिले। आधे से अधिक डेमोक्रेट्स सांसदों ने डग बर्गम का साथ दिया। बर्गम सॉफ्टवेयर उद्योग से जुड़े उद्यमी हैं। वह उत्तरी डकोटा के एक छोटे से कृषक समुदाय से आते हैं। पहले वे अपने परिवार के अनाज लिफ्ट में काम करते थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जीवाश्म



ईंधन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए योजना बनाने का काम बर्गम को सौंपा था। इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बर्गम को नई राष्ट्रीय ऊर्जा परिषद का अध्यक्ष भी बनाया है। यह परिषद अमेरिकी ऊर्जा प्रभुत्व हासिल करने के लिए काम करेगी। इसलिए बर्गम को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में भी एक सीट मिलेगी। बर्गम पर ऊर्जा कंपनियों के लिए जीवाश्म ईंधन संसाधनों का दोहन करने के काम को आसान बनाने की जिम्मेदारी है। इससे पहले बर्गम दो बार उत्तरी डकोटा के गवर्नर रह चुके है। 2023 में उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए अपना प्रचार शुरू किया था, लेकिन कुछ ही समय बाद उन्होंने प्रचार छोड़कर ट्रंप को समर्थन दे दिया।

# नवीनीकरण को वापस 180 दिन करने का प्रस्ताव भारतीय अप्रवासियों के लिए होगा बड़ा झटका

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी के दो प्रभावशाली सीनेटर्स ने बाइडन सरकार के एक फैसले को बदलने का प्रस्ताव पेश किया है। अगर यह प्रस्ताव मान लिया जाता है तो इसका अमेरिका में काम कर रहे भारतीयों पर विपरीत असर पड़ेगा। दरअसल रिपब्लिकन सांसदों ने अपने प्रस्ताव में रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज के स्वतः नवीनीकरण की समय सीमा को घटाकर फिर से 180 दिन करने की मांग की है। बाइडन सरकार ने इस समय सीमा को बढ़ा दिया था। सीनेटर्स का कहना है कि बाइडन सरकार के फैसले से अमेरिकी सीमाओं की सुरक्षा प्रभावित होगी।

### परमिट की अवधि बढ़ाने का विरोध

बाइडन सरकार में रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज (एअऊ) के नवीनीकरण की अवधि को 180



दिन से बढ़ाकर 540 दिन कर दिया गया था। अब सीनेट में पेश प्रस्ताव में नवीनीकरण की अवधि को वापस 180 दिन करने की मांग की गई है। रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज से अमेरिका में एच-1बी वीजा पर काम करने वाले लोगों के जीवनसाथियों को बहुत मदद मिलती है। एच-1बी वीजा के सबसे ज्यादा लाभार्थी भारतीय हैं। ऐसे में नए प्रस्ताव को अगर मंजूरी मिल जाती है तो इसका भारतीय कामगारों पर विपरीत असर पड़ना तय है।

गुरुवार को प्रस्ताव पेश करने वाले सीनेटर जॉन कैनेडी और रिक स्कॉट ने प्रस्ताव में कांग्रेसनल रिव्यू एक्ट (सीआरए) प्रक्रिया के तहत बाइडन प्रशासन में बनाए गए नियम को अस्वीकार करने की मांग की है। कैनेडी ने कहा, 'बाइडन प्रशासन के खतरनाक नियम ने अप्रवासियों के लिए वर्क परमिट को स्वचालित रूप से 540 दिनों तक बढ़ा दिया है। अप्रवासियों को अमेरिकी अधिकारियों को रिपोर्ट करने से बचने के लिए अधिक समय देने से ट्रंप प्रशासन को आव्रजन कानूनों को लागू करने और अमेरिकियों को सुरक्षित रखने के प्रयासों में बाधा आएगी।'

स्कॉट ने एक बयान में आरोप लगाया कि बाइडन-हैरिस प्रशासन ने अमेरिका की आव्रजन प्रणाली को खत्म करने और दक्षिणी सीमा को खोलने के लिए लगातार चार साल तक काम किया, जिससे लाखों अवैध विदेशी बिना जांचे-परखे और बिना जांचे सीमा पार कर आए।' दोनों सीनेटर्स ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस बाइडन प्रशासन के नियम को पलटने में विफल रहती है। तो ट्रंप प्रशासन को अमेरिका में अवैध रूप से रहने और काम करने वालों का पता लगाने में अधिक परेशानी होगी।

# डीएम दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को दुर्गावती देवी सभागर, गाजियाबाद में गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 के अन्तर्गत पंजीकरण, नवीनीकरण निरस्तीकरण, चिकित्सक की अनुमति, स्थान-परिवर्तन के आवेदनों का स्थलीय निरीक्षण कराकर के निस्तारण करने के लिए जिला सलाहकार समिति की बैठक आहूत की गयी। जिसमें सलाहकार समिति द्वारा 11 केन्द्रों के पंजीकरण, 13 केन्द्रों के नवीनीकरण, 20 केन्द्रों पर कार्य करने हेतु चिकित्सकों की अनुमति के आवेदन एवं 17 केन्द्रों पर नई यू०एस०जी० मशीन अपडेशन, 02 केन्द्रों के स्थान परिवर्तन करने, 02 केन्द्रों के पंजीकरण न करने एवं 08 केन्द्रों के पंजीकरण निरस्त करने की संस्तुति की गयी।

इस अवसर पर डीएम गाजियाबाद दीपक मीणा, अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी, डा० अखिलेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा० अभिषेक त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, डा० पंकज शर्मा, रेडियोलोजिस्ट, डॉ० अर्चना सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ० रिचा त्रिपाठी, पैथोलॉजिस्ट एवं डॉ० ओ०पी० अग्रवाल, एन०जी०ओ० आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# 15 वर्षों से नगर निगम में नामित और निर्वाचित फ्रेम से आउट है सैनी समाज

## एडवोकेट विपिन सैनी ने उठाई नामित पार्षद वाली आवाज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नामित पार्षद वाली सूची तैयार हो रही है। इस बार ये निर्देश मिले हैं कि ओबीसी, एससी और महिला कोटे का भी ध्यान रखा जाना है। लेकिन भाजपा के भीतर ही ओबीसी को लेकर भी आवाज उठने लगी है। ओबीसी में जाट-गुर्जर के अलावा अन्य जातियां भी आती हैं और इस बार सैनी समाज की आवाज उठी है। सैनी समाज की नगर निगम में निर्वाचित और नामित वाले फ्रेम में भागीदारी पिछले 15 वर्षों से शून्य बताई जाती है। सैनी समाज की आवाज को उठाया है। विपिन सैनी संघ कार्यकर्ता हैं। सैनी समाज से आते हैं। उन्होंने नामित पार्षद वाली दावेदारी की है। विपिन सैनी उच्च शिक्षित हैं। वो बी-टैक एलएलबी हैं। वो संघ आईटीसी हैं। उनकी संघ आयु 15 वर्ष है। विपिन



सैनी भाजपा के सक्रिय सदस्य हैं। ओबीसी मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष हैं। इससे पहले पूर्व महानगर कार्यालय प्रभारी रहे हैं। राष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान के सह संयोजक हैं। डाटा प्रबंधन और गुणवत्ता योजना में जिला सहसंयोजक हैं। लोकसभा चुनाव समिति में कार्यालय व्यवस्था प्रमुख रहे हैं। जिला मॉनिटर अभियान कार्यक्रम प्रमुख रहे हैं। शक्ति केंद्र प्रभारी, सैक्टर प्रभारी और क्षेत्रीय कार्यालय सहायक के रूप में कार्य किया है। विस्तारक रह चुके हैं। मंडल मंत्री रहे हैं। बूथ अध्यक्ष रहे हैं और छात्र जीवन से ही भाजपा विचारधारा के साथ काम किया है और वो वर्ष 2007 से 2012 तक अखिल भारती विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत के महानगर मंत्री रहे हैं। वो सैनी मौर्य कुशवाहा सोसायटी के उपाध्यक्ष रहे हैं। राष्ट्रीय सैनी सभा के जिला अध्यक्ष हैं और उद्योग युवा व्यापार मंडल के महामंत्री भी रहे हैं। विपिन सैनी ने नामित पार्षद के लिये आवाज उठाई है। वो एक कार्यकर्ता के रूप में अपनी दावेदारी लेकर सामने आए हैं। वो अपने समाज की आवाज भी बनना चाहते हैं।

## स्कूल बस की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार दोपहर को स्कूल बस की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत हो गई। घटना थाना इंदिरापुरम क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर 1 की है। मॉडल शॉप के सामने तेज रफ्तार स्कूल बस ने स्कूटी सवार को कुचल दिया। हादसा इतना दर्दनाक था कि स्कूटी सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। स्कूटी सवार का शव काफी देर तक सड़क पर ही पड़ा रहा। बाद में मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। गाजियाबाद के पंचवटी निवासी मुकेश गोयल अपने परिवार के साथ रह रहे थे। वह मार्केटिंग का कार्य करते थे। अपने घर से ऑफिस जाते समय स्कूल बस ने टक्कर मार दी। स्कूटी सवार की हेलमेट लगाए होने के बाद भी सिर में गंभीर चोट लगी और मौके पर ही मौत हो गई।

आसपास के लोगों का कहना है कि स्कूल बस की स्पीड तेज थी, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पूरी घटना कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने परिवार को हादसे की जानकारी दी है।

# नगर आयुक्त ने स्कूलों की शिक्षिकाओं से स्वच्छता के अहम बिंदुओं पर किया ऑनलाइन संवाद

## स्वच्छता की जानकारी और शिक्षा को लेकर युवाओं में जोश :नगर आयुक्त

### पॉल्यूशन से हानि और बचाव पर हुआ मंथन



### ऑनलाइन संवाद में शिक्षिकाओं से प्लास्टिक बहिष्कार को लेकर हुई विस्तृत चर्चा, आज से स्कूलों में पढ़ाया जाएगा स्वच्छता का पाठ-नगर आयुक्त




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शहर को जागरूक करने के लिए गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शिक्षिकाओं को शहर की स्वच्छता से जोड़ा जा रहा है। नगर आयुक्त ने हिंदी भवन में 100 स्कूलों के साथ स्वच्छता का पाठ विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ते हुए नगर आयुक्त द्वारा ऑनलाइन भी 100 स्कूलों से ऑनलाइन संवाद भी किया। चिंतन एनवायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप द्वारा भी जागरूकता में सहयोग किया गया।

नगर आयुक्त ने बताया कि जन सहभागिता किसी भी अभियान को सफल करने के लिए बहुत जरूरी है। इसी प्रकार गाजियाबाद को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जन-जन को जोड़ा जा रहा है। शहर की शिक्षा पद्धति से ही विद्यार्थियों को बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए ज्ञान मिलेगा स्वच्छता का पाठ सभी विद्यार्थियों के लिए रोचक है जिसको अपने व्यवहार में लाकर शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने में सहयोग होगा। ऑनलाइन संवाद के दौरान प्लास्टिक बहिष्कार पर विशेष रूप से मंथन हुआ। वहीं प्लास्टिक से होने वाली हानि तथा बचाव पर भी चर्चा हुई। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सभी कार्य प्रणाली को भी उपस्थित शिक्षिकाओं को समझाया गया।

नगर आयुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों में स्वच्छता की जानकारी को लेकर उत्साह है। युवा पीढ़ी का यही जोश आने वाले कल को शहर को स्वस्थ और सुंदरता की ओर ले जाएगा। न केवल विद्यार्थियों का जागरूक होना उनको पर्यावरण की प्रति सजग बना रहा है बल्कि रोजगार की कई अवसर भी दिख रहा है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में रोजगार की भी एक बड़ी योजना शामिल है।

अपर नगर आयुक्त अवनींद्र द्वारा बताया गया कि ऑनलाइन संवाद सभी अध्यापिकाओं से लगभग 3 घंटे चला, जिसमें अध्यापिकाओं में भी स्वच्छता की जानकारी को लेकर उत्साह देखा गया। ऑनलाइन स्वच्छता के संवाद में 50 सरकारी स्कूल तथा 50 प्राइवेट स्कूलों के अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थिति रहीं। साथ में गाजियाबाद नगर निगम से डॉक्टर मिथिलेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य स्वास्थ्य की टीम ऑनलाइन बनी रही।

# पूर्ण ज्ञानांजलि इंटर कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी को लेकर पावर एंजेल एवं नेतृत्व क्षमता के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का समापन समारोह पूर्ण ज्ञानांजलि इंटर कॉलेज असलत नगर में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में मुरादनगर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय से एक-एक सुगम करता ने भाग लिया। प्रशिक्षण की संदर्भ दाता मीना कुमारी, रेनू चौधरी ने प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में प्रगति के पंख पुस्तिका पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रत्येक शनिवार को होने वाली मीना मंच गतिविधियों के बारे में अवगत कराया।




मीना मंच के उद्देश्यों को कॉमिक बुक द्वारा अत्यंत सरल एवं रोचक ढंग से समझाया। 6 कॉमिक्स बुक्स पर सभी सदस्यों की समझ विकसित की एवं रोल प्ले के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया । शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों से कहा कि मीना मंच में सभी छात्र-छात्राओं की विशेष रूचि होती है इसलिए मीना मंच के माध्यम से हम छात्राओं में आत्म विश्वास व क्षमता में संवर्धन कर सकते हैं। जिला समन्वक बालिका शिक्षा कुणाल मुगदल ने प्रतिभागियों से अपील की, कि प्रत्येक शनिवार मीना मंच की गतिविधियों को कराने के पश्चात मूल्यांकन गूगल लिंक अवश्य भरें। जिसमें प्रत्येक स्तर पर हमारे विद्यालय में की जा रही गतिविधियों की सूचना पहुंचे। जिला नोडल पूनम शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया तथा नई ऊर्जा व जोश के साथ कार्यशाला का समापन किया। प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय में सुगमकर्ता कि जिम्मेदारी रहेगी कि वर्तमान मोड्यूल प्रगति के पंख पर कार्य करें। प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 6, 8 में 1,1 पावर एंजेल बनाई जाती है। इस प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग यूनिसेफ द्वारा की गई, जिसमें राज्य परियोजना से मोहम्मद आदिल ने मॉनिटरिंग की तथा जिला नोडल पूनम शर्मा ने सभी प्रतिभागियों में जोश और एक नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का उत्पीड़न सहन करने की बजाय उसे उजागर करने की हिम्मत और अपनी बात रखने का तरीका आना चाहिए।

विभिन्न हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग करना आना चाहिए । सभी सुगमकताओं ने रोल प्ले के माध्यम से सुंदर प्रस्तुतीकरण किया। सभी गतिविधियों को करते हुए दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न कराया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर मुरादनगर के नोडल रीनू, रिचा सिंह, ऋषि शर्मा ने प्रशिक्षण में विशेष सहयोग प्रदान किया।

# वार्ड 73 के लोग मूलभूत सुविधाओं को तरसे

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 73 में समस्याओं को अंबार है। वार्ड निवासी कई बार समस्याओं को लिखित में वार्ड पार्षद और नगर निगम में दे चुके हैं। इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। वार्ड में गंदगी, नालियां चॉक, सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। इस ओर नगर निगम अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। पार्षद का दावा है कि वार्ड 73 में काम हो रहा है। निवासियों का कहना है कि वार्ड में यदि कोई काम शुरू होता है तो वह सही तरीके से पूरा नहीं होता। इसका खामियाजा वार्ड में रहने वाले लोगों को भुगतना पड़ता है।






**वार्ड निवासी विष्णु कर्णवाल** ने बताया कि नगर निगम सड़क बनाता है तो नालियां छोड़ दी जाती हैं। नालियां बनाता है तो सड़क नहीं बनाई जाती है। इससे कभी सड़क ऊंची तो कभी नालियां सड़क से ऊंची रह जाती हैं। इस वजह से घरों का गंदा पानी सड़कों पर भर जाता है। पानी भरने के कारण सड़कों की हालात खस्ता हो चुकी है।



**वार्ड निवासी ऋषभ जैन** ने बताया कि वार्ड में लगभग सभी सीवरेज जाम पड़े हुए है। इस कारण शौचालय बैक मार जाते है। घर में दुर्गंध के कारण कई बार रहना तक मुश्किल हो जाता है। कई बार निगम को लिखित में सीवरेज समस्या की शिकायत दे चुके है। इसके बाद भी अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।



**वार्ड वासी मृत्युंज्य प्रताप सिंह** ने बताया कि वार्ड की गलियों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। सफाई कर्मचारी समय पर वार्ड में सफाई करने के लिए नहीं पहुंचते। इस कारण कारण वार्ड में हर ओर गंदगी फैली रहती है। वार्ड पार्षद से इस बारे में बार कहा जा चुका है। लेकिन, इसके बाद भी सफाई नहीं होती।

## दिल्ली में इस बार कमल खिलेगा और दिल्ली का विकास होगा : हरीश मल्होत्रा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा नेता हरीश मल्होत्रा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार दिल्ली में भाजपा का कमल खिलेगा और दिल्ली को विकास के कार्यों की गति मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सत्ता होते हुए कोई विकास के कार्य नहीं हुए हैं। केवल आम आदमी पार्टी ने झूठ बोल बोलकर दिल्ली की जनता को ठगा है। आम आदमी पार्टी के शासनकाल में करोड़ों रुपए का शराब घोटाला हुआ है। दिल्ली में कूड़े के ढेरों का अंबार लगा पड़ा है। यमुना नदी में नाले का पानी बहाया जा रहा है जिससे दिल्ली की जनता को गंभीर बीमारी और प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इस बार दिल्ली में परिवर्तन जरूर होगा। दिल्ली की जनता उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों में भाजपा के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा को दिल्ली में भारी बहुमत से जीत दिलाकर कमल खिलाएगी।

# विधायक धीरेंद्र सिंह ने की नवनिर्मित पौवारी गोशाला का लोकार्पण

## पौवारी में 500 गोवंशों के लिए गोशाला तैयार, बिजली पानी और चिकित्सा सुविधा से युक्त




**ग्रेटर नोएडा करंट क्राइम।** शुक्रवार को जेवर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र सिंह ने एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस की मौजूदगी में ग्राम पौवारी में नवनिर्मित गोशाला का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बेटियों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए विधायक धीरेंद्र सिंह ने कबड्डी खिलाड़ी बेटियों को आगे रखते हुए उन्हीं से फीता कटवाया। गोवंशों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दूसरी गोशाला पौवारी गांव में बनवाया है। लगभग 18200 वर्ग मीटर में निर्मित इस गोशाला में करीब 500 गोवंश आराम से रह सकेंगे।

भविष्य में जरूरत के अनुसार इसका विस्तार किया जा सकेगा। पौवारी के इस गोशाला में शेड, भूसाघर, चिकित्सक रूम, गार्ड रूम, कर्मचारियों के रूम, बाउंड्री वॉल आदि सुविधाएं विकसित की गई है। इस नव निर्मित गोशाला में गायों और नंदी को रखने के लिए अलग-अलग व्यवस्था किया गया है। इस गोशाला को बनाने में करीब साढ़े 6 करोड़ रुपये खर्च हुए है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से एक अन्य गोशाला जलपुरा में भी संचालित है। लोकार्पण के इस अवसर पर पूर्व विधायक हरीश भाटी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, ओएसडी अभिषेक पाठक, महाप्रबंधक प्रोजेक्ट एके सिंह, महाप्रबंधक गोशाला आरके भारती, वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह और प्राधिकरण के अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।


## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने गोरखपुर के सांसद रवि किशन से मुलाकात की । इस मुलाकात में हिमांशु लव को लोकसभा सांसद रवि किशन का सहज स्वभाव और सरलता पसंद आई। उन्होंने इस फोटो को फेसबुक पर साझा किया। पूर्व पार्षद हिमांशु लव खुद भी सहज स्वभाव से रहते हैं और उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।


## शोक-संदेश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



मान्यवर

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पिता **श्री विनय अरोड़ा जी (अरोड़ा स्टोर्स वाले)** का देहांत **दिनांक : 20 जनवरी, 2025** को हो गया है, उनकी आत्मा की शांति हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित है।

**कार्यक्रम : 02 फरवरी, 2025**

ब्रह्म भोज : दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगडी : दोपहर 02 से 04 बजे

**स्थान : श्री सुल्लामाल रामलीला मैदान, (जानकी भवन) घंटाघर, गाजियाबाद**

अत: आप महानुभाव से विनम्र निवेदन है कि उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित कर ब्रह्म भोज में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

**शोकाकुल परिवार:-**

मोहित अरोड़ा (पुत्र) 9953820082
विजय अरोड़ा (भाई)
गौरव अरोड़ा (भतीजा)
लवी अरोड़ा (भतीजा)

विकास जुनेजा (दामाद)
विवेक शर्मा (दामाद)
नीरज मेहरा (दामाद)
एवं समस्त अरोड़ा परिवार